
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 313 | ग्वालियर , 06 सितम्बर बुधवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## जी 20 की बैठक में किन मुद्दों पर होगी पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच चर्चा

**नई दिल्ली।** जी 20 बैठक को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पूरी तरह तैयार है. दुनियाभर के दिग्गज इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंच रहे हैं. 9 और 10 सितंबर को दिल्ली कई ऐतिहासिकों डील्स की गवाह बनेगी. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर यूके के पीएम ऋषि सुनक तक जी 20 में भारत के साथ कई अहम समझौतों पर चर्चा और हस्ताक्षर होने की उम्मीद जताई जा रही है. जी 20 सम्मेलन को लेकर भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इस वक्त चर्चाएं जोरों पर हैं. खास तौर पर अमेरिका और भारत के बीच इस बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा होगी और कौन सी डील सील हो सकती हैं. इस पर भी दुनियाभर की नजरें टिकी हैं. भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जो बाइडन के बीच जी 20 सम्मेलन में चर्चा होना है. आइए जानते हैं किन मुद्दों पर ये चर्चा संभव है और कौन सी डील दोनों देशों के बीच हो सकती हैं.

दरअसल जी20 सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय वार्ता पर जोर नहीं दिया जाता हैं. यानी सिर्फ दो देशों के बीच अलग से बात नहीं होती है. लेकिन भारत में आयोजित हो रहे जी20 सम्मेलन में पहल करते हुए दो देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की है. इसमें एक अमेरिका है और दूसरा देश सऊदी अरब है. यानी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ विशेष वार्ता करेंगे.भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते शुरू से ही बेहतर रहे हैं. यही वजह है कि दोनों देश लगातार एक दूसरे के हितों को ध्यान में रखते हुए कई अहम समझौते पर सहमति भी जता चुके हैं. इस बार भी जी 20 सम्मेलन में भारत और अमेरिका के बीच कुछ महत्वपूर्म मुद्दों पर चर्चा और



समझौते संभव माने जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के बीच जिन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और समझौते होना है उनमें सबसे आगे न्यूक्लिअर डील को माना जा रहा है. दोनों देश छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों पर संभावित परमाणु समझौता कर सकेत हैं. बता दें कि जून में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर थे उस दौरान भारत में 6 परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. और वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कंपनी के बीच चर्चा हुई थी. इसके अलावा ड्रोन डील, जेट इंडन को लेकर अहम चर्चा और समझौते इस द्विपक्षीय वार्ता के बीच संभव हैं. हालांकि इस डील को लेकर भी पीएम मोदी के जून में हुए अमेरिकी दौरे के बीच बातचीत हो चुकी है. इसके साथ ही भारत जी20 सम्मेलन में अमेरिका के साथ रक्षा सौदों को लेकर भी अहम चर्चा कर सकता है. पीएम मोदी चाहेंगे कि दोनों के बीच रक्षा सौदों में महत्वपूर्ण करार किए जाएं. इसको लेकर अमेरिकी कांग्रेस भी सहमत और अग्रसर लग सकती है. भारत और अमेरिका स्टूडेंट्स के लिए तैयार किए गए शैक्षणिक प्रोग्राम की घोषणा करने को लेकर भी काम कर रहे हैं. जहां एक्सपर्ट्स के साथ एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जाने हैं. इस प्रोग्राम के बाद भारतीय छात्रों को अमेरिका में रहकर तीन वर्ष पढ़ने और काम करने का मौका भी मिलेगा. जी 20 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी बातचीत संभव है. इस दौरान यूक्रेन की मदद को लेकर अमेरिका भारत से मदद की बात कर सकता है. अमेरिका चाहेगा कि भारत यूक्रेन को संयुक्त मानवीय सहायता भेजे. बता दें कि भारत अब तक 100 टन मानवीय सहायता यूक्रेन को भेज चुका है. इनमें दवाओं से लेकर राशन, कंबल और टैंट आदि शामिल हैं. जबकि अमेरिका यूक्रेन को युद्ध में लड़ने के लिए कई घातक हथियार मुहैया करवा चुका है.

## आर्टिकल-370 की बहाली पर सुनवाई खत्म



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी हो गई है. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. स्ट में इस मामले की सुनवाई 16 दिनों तक चली, इस दौरान केंद्र सरकार और दूसरे पक्ष याचिकाकर्ता के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की हैं. चीफ जस्टिस की अगुवाई में 5 जजों की संविधान पीठ ने आर्टिकल-370 से संबंधित याचिकाओं को सुना है. इस मामले में 16 दिन तक मैराथन सुनवाई करने के बाद स्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. संविधान पीठ ने तीन दिनों के अंदर सभी पक्षकारों को अपना लिखित जवाब दाखिल करने के लिए कहा है. संविधान पीठ अपने फैसले में यह तय करेगी कि केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने की प्रकिया संविधान के मुताबिक थी या नहीं. पांच जजों की संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एसके कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल रहे. वहीं, 370 की बहाली करने की मांग के पक्ष में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे ने अपनी दलीलें पेश कीं, जबकि केंद्र सरकार के पक्ष में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाए जाने का फैसला एकदम सही है. सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 मामले की सुनवाई के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता और याचिकाकर्ता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी का कहना है कि हम अपने दलीलों से संतुष्ट हैं. सभी पहलुओं पर ठोस तर्क दिए गए.

## प्रेसीडेंट ऑफ भारत पर बोले शरद पवार- किसी को नाम हटाने का अधिकारी नहीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति की ओर से जारी जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रि भोज के पत्र में प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखे जाने पर राजनीति तेज हो गई है. देश में भारत और इंडिया के नाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी दल आमने-सामने आए हैं. इंडिया का नाम बदलकर भारत करने की मांग पुरानी है. सूत्रों का कहना है कि संसद के विशेष में केंद्र की मोदी सरकार इस मुद्दे पर बिल भी पेश कर सकती है. इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार का बड़ा बयान सामने आया है. देश में एक बार फिर भारत और इंडिया पर विवाद शुरू हो गया है. एनसीपी के चीफ शरद पवार ने कहा कि मेरे पास ऐसी कोई भी जानकारी नहीं आई है. (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट्ल इंक्लूसिव अलायंस) के नेताओं की बुधवार को बैठक बुलाई गई है. इस मीटिंग में इस मुद्दे पर विस्तार पर चर्चा की जाएगी. उन्होंने प्रेसीडेंट ऑफ भारत पर कहा कि किसी को नाम हटाने का अधिकार नहीं है. कोई नाम नहीं हटा सकता है. आपको बता दें कि कांग्रेस ने सबसे पहले मंगलवार को देश के नाम बदलने का मुद्दा उठाया. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जी 20 शिखर सम्मेलन के भोज के निमंत्रण पत्र में प्रसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया है, जबकि प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया होना तचाहिए. इसके बाद यह मुद्दा तूल पकड़ लिया. भाजपा और इंडिया दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है. विपक्ष को डर है कि केंद्र सरकार देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत कर सकती है.

## दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी 400 नई इलेक्ट्रिक बसें: सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली को 400 नई इलेक्ट्रिक बसें मिल गई है. दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले इन बसों को हरी झंडी दिखा दी है. दिल्ली डीटीसी के आईपी डिपो में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएम केजरीवाल के साथ-साथ उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मौजूदगी में इन 400 इलेक्ट्रिक बसों को रवाना किया गया. आज यानि मंगलवार 5 सितंबर 2023 की तारीख से ये नई इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती नजर आएगी। दिल्ली को मिली इस नई सौगात के साथ ही, अब दिल्ली देश में सबसे ज्यादा ई-बसों वाला क्षेत्र हो गया है. साथ ही इन बसों में तरह-तरह की खूबियां भी हैं. जहां 12 मीटर लंबी इन लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक एसी बसों में महिलाओं के लिए अलग से खास तरह की पिंक सीट दी गई है, साथ ही बस के अंदर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मरे, पैनिक बटन, त्वक्र



और लाइव ट्रैकिंग के लगाए गए हैं. इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए बस में नीलिंग टैंप जैसी कई तरह की आधुनिक सुविधाएं भी दी गई है, ताकि दिल्ली का हर नागरिक बेहतर ढंग से इन सुविधाओं का आनंद ले सके. गौरतलब है कि मंगलवार को हुए इस शुभारंभ कार्यक्रम से पहले कल यानि सोमवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आईपी डिपो का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही ये सुनिश्चित किया था कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह की कोई भूल चूक न हो. वहीं इससे पहले बीते सप्ताह परिवहन मंत्री ने मायापुरी इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी दौरा किया था. बता दें कि दिल्ली को मिली ये नई सौगात ठीक राजधानी में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से दी गई है. ऐसे में दिल्ली में चल रही भव्य तैयारियों के बीच दिल्ली मुखिया सीएम केजरीवाल की ये घोषणा लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है.

## झारखंड में सहायक शिक्षकों के 26 हजार पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने अगले आदेश तक लगाई रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में सहायक शिक्षकों (आचार्य) के 26 हजार पदों पर नियुक्ति के विज्ञापन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों को लेकर चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को यह आदेश दिया। बता दें कि सहायक शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पिछले ही महीने जारी किया था। इसमें पूर्व से अनुबंध पर कार्यरत पारा शिक्षकों के लिए पचास फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना के बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) और सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) को इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। बीआरपी-सीआरपी को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग को लेकर बहादुर महतो ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया है कि पिछली नियमावली में बीआरपी-सीआरपी को भी आरक्षण का लाभ प्राप्त था। हाईकोर्ट ने इस मामले में जेएसएससी (झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में पहली बार एक साथ 26,000 सहायक शिक्षकों (आचार्यों) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें पारा शिक्षकों के लिए 12,868 पद आरक्षित किए गए हैं।

## तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण 6 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कई हिस्सों में मंगलवार को हुई भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई । जयशंकर भूपालपल्ली जिले में बिजली गिरने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। संगारेड्डी और वानापर्थी जिलों में तीन अन्य लोग डूब गए। जयशंकर भूपालपल्ली जिले के चित्याल मंडल के कैलापुर में बिजली गिरने से दो कृषि श्रमिकों की मौत हो गई। वे कृषि क्षेत्रों में काम कर रहे थे। उनकी पहचान सरिता (30) और ममता (32) के रूप में हुई। इसी जिले के कटाराम मंडल के दमराकुंटा में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। राजेश्वर राव (46) खेत में काम कर रहे थे तभी वज्रपात की चपेट में आ गए। संगारेड्डी जिले में एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में बह गया। यह घटना गुम्मदीडाला मंडल में मम्बापुर के पास उस समय घटी, जब वह एक नाला पार कर रहा था। बचावकर्मियों ने सुधाकर (42) का शव निकाला। वानापर्थी जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पेद्दागुडेम के बाहरी इलाके में एक छह वर्षीय लड़का एक तालाब में डूब गया। एक अन्य घटना में शंकर नायक नामक व्यक्ति मछली पकड़ने के दौरान झील में डूब गया। इस बीच, सोमवार रात से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। लगातार बारिश के कारण झीलें, तालाब और नदियां उफान पर हैं। सिंचाई परियोजनाओं को ऊपरी प्रवाह से भारी मात्रा में प्रवाह प्राप्त हो रहा था। अधिकारियों ने पानी को नीचे की ओर छोड़ने के लिए कुछ परियोजनाओं के द्वार खोल दिए। जलग्रहण और नदी के ऊपरी इलाकों से भारी मात्रा में पानी आने के कारण अधिकारियों ने कामारेड्डी जिले में निज़ाम सागर जलाशय के गेट हटा दिए।

## अब नहीं सुनाई देगी चंद्रयान-3 का काउंटडाउन करने वाली आवाज

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 मिशन की काउंटडाउन करने वाली आवाज अब कभी सुनाई नहीं देगी. दरअसल, इसरो की वैज्ञानिक एन वलारमथी का निधन हो गया. उन्होंने ही चंद्रयान-3 मिशन की लॉन्चिंग के वक्त काउंटडाउन को अपनी आवाज दी थी. वलारमथी का हृदय गति रुकने के कारण रविवार को चेन्नई में निधन हो गया. उन्होंने श्रीहरिकोटा में रॉकेट लॉन्च की उलटी गिनती में अपनी आवाज दी थी. वह देश के पहले स्वदेशी रडार इमेजिंग सेटेलाइट रीसेट की परियोजना निदेशक भी थीं. एन वलारमथी चंद्रयान-3 मिशन में भी शामिल थीं और काउंटडाउन वाली आवाज उन्हीं की थी.



उन्होंने 64 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया. उनका जन्म तमिलनाडु के अरियालुर में 31 जुलाई 1959 को हुआ था. साल 2015 में उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. 14 जुलाई को जब चंद्रयान-3 को लॉन्च किया जाना था उस दौरान उल्टी गिनती वाली आवाज उन्हीं ने दी थी. इसरो की वैज्ञानिक वलारमथी के निधन पर पूर्व वैज्ञानिक वेंकटकृष्ण ने दुःख जताया है. विऑन को मुताबिक, उनके निधन का जानकारी वेंकटकृष्ण ने एक्स के माध्यम से दी. उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में लिखा, श्रीहरिकोटा से इसरो के आगामी मिशनों में अब वलारमथी मैडम की आवाज सुनाई नहीं देगी. मिशन चंद्रयान-3 उनका अंतिम काउंटडाउन था. उनके निधन से गहरा दुख हुआ है. बता दें कि इसरो की वैज्ञानिक एन वलारमथी तमिलनाडु के अरियालुर की रहने वाली थीं. उन्होंने आखिरी बार अपनी आवाज 30 जुलाई को दी थी. जब पीएसएलवी-सी56 रॉकेट एक वाणिज्यिक मिशन के तहत सिंगापुर के सात उपग्रहों को लेकर अंतरिक्ष में रवाना हुआ था. इससे पहले उन्होंने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग का काउंटडाउन किया था. बता दें कि चंद्रयान-3 को 14 जुलाई दोपहर 2.35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था. इसके बाद चंद्रयान-3 की 23 अगस्त की शाम 6.04 बजे चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कराई गई थी. इसके साथ ही भारत दुनिया का पहला देश बन गया जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने में कामयाब रहा.

## युवक ने नर्सिंग छात्रा, उसके माता-पिता को चाकू मारने के बाद आत्महत्या की

**कोच्चि।** केरल में एक युवक ने मंगलवार को 19 वर्षीय नर्सिंग छात्रा और उसके माता-पिता को चाकू मारने के एक घंटे बाद अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दोपहर के समय



एल्धोस नाम का युवक युवा नर्सिंग छात्रा अलखा के घर में घुस गया। युवक ने छात्रा पर कई बार चाकू से वार किया। चीख-पुकार सुनकर छात्रा के पिता ओसेफ और मां चिन्नमा उसके बचाव में आए और वे भी घायल हो गए। अलखा पर चाकू से कई वार करने के बाद एल्धोस मौके से भाग गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि अलखा की हालत गंभीर है और उसके माता-पिता अब खतरे से बाहर हैं।

## उदयनिधि के सनातन वाले बयान पर विवाद



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार में मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बयान पर जमकर हंगामा हुआ. बीजेपी ने उदयनिधि के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियां सनातन धर्म के खिलाफ हैं. उसके बाद उदयनिधि स्टालिन ने अपने बयान को लेकर खुद सफाई दी. बता दें कि शनिवार को उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के विचार के खिलाफ है और इसे खत्म कर देना चाहिए. उन्होंने कथित तौर पर सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से कर दी. उसके बाद उनके इस बयान को लेकर बीजेपी ने उनके इस बयान का जमकर विरोध किया कड़ी निंदा की. डीएमके सरकार में युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के अपने बयान पर सफाई दी. जिसमें उन्होंने अपनी बात को दोहराते हुए कहा है कि बीजेपी के दावे के मुताबिक उन्होंने अपने बयान में कहीं भी नरसंहार का जिक्र नहीं किया है. उदयनिधि ने कहा कि, उन्होंने बस सनातन धर्म की आलोचना की है. इसके साथ ही उदयनिधि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे पीएम मोदी कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह कांग्रेसियों की हत्या करने के लिए कह रहे हैं. मैंने सिर्फ सनातन की आलोचना की. न कि नरसंहार की बात कही.तमिलनाडु के मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन अपने बयान पर कामय हैं. अपनी सफाई में उन्होंने कहा कि, उन्होंने सिर्फ सनातन धर्म की आलोचना की है. जिसमें में मैंने कहा कि सनातन धर्म को समाप्त कर दिया जाना चाहिए. लेकिन कुछ लोग बचकानी बात करते हुए कह रहे हैं कि मैंने लोगों को नरसंहार के लिए उकसाया है. उन्होंने आगे कहा कि, कुछ लोग कह रहे हैं कि द्रविड़म को समाप्त कर दिया जाना चाहिए. क्या इसका मतलब यह है कि डीएमके वर्कर्स को मार दिया जाना चाहिए। मैं अपने पुराने बयान पर कायम हूं और सनातन को समाप्त करने की मांग उठाता रहूंगा.

## बारिश के लिए मुस्लिम समाजजनों द्वारा विशेष नमाज ईदगाह चाचौड़ा में अदा गई

योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे



किसानों के साथ-साथ आम जन भी इलाके में समय पर वर्षा नही होने पर चिंतित नज़र आ रहे है। क्योंकि चाचौड़ा के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर है अगर बारिश अच्छी और समय पर नहीं हुई तो फसल खराब होने की कगार पर है,इस कारण यहां के बाजारों में भी सीधा असर पड़ सकता है। इलाके में अच्छी और समय पर बारिश के लिए मुस्लिम समाज ने आज ईदगाह चाचौड़ा में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से इस्तिष्का (विशेष नमाज) की नमाज़ अदा कर, पूरे इलाके और पूरी दुनिया में रहमत की बारिश के लिए अल्लाह दुआ की। यह सिलसिला 3 दिनों तक चलेगा। यह नमाज़ 3 दिनो तक ईदगाह पर सुबह 9.30 बजे सामूहिक रूप से अदा की जाएगी।इमाम जामा मस्जिद हज़रत मौलाना शारिक मजाहिरी ने लोगो से 3 दिनों इस नमाज़ में शिरकत करने की अपील की। जिसमे समाज के सभी बुजुर्ग, नौजवान और बच्चो ने भी सामूहिक रूप से ईदगाह पर एकत्रित होकर विशेष नमाज़ अदा कर रब से बारिश के लिए दुआ की गई।

# एसडीएम ने ली राजनीतिक दलों के मंडल एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

राकेश परिहार पिछोर

पिछोर। अनुविभागीय दंडाधिकारी राजीव समाधिया ने 5 सितंबर मंगलवार को पिछोर विधानसभा 26 के सभी राजनीतिक दलों के ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक एसडीएम कार्यालय में ली गई। बैठक में उपस्थित राहुल रहोरा मंडल अध्यक्ष भाजपा पिछोर, कृष्णकांत गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, सत्य प्रकाश भरदेलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष खनियाधाना, मोहम्मद सलीमखान ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस खनियाधाना, मुकेश पंसारी मंडल महामंत्रीभाजपा पिछोर, डीएस चौहान विधानसभा प्रभारी आमआदमी पार्टी, जितेंद्र देहलवार बसपा ब्लॉक अध्यक्ष पिछोर,सहित पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, हरिदास त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

एसडीएम समाधिया द्वारा सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में मतदाता सूची के अद्धतन का काम चल रहा है। जिसमें 11 तक दावा, आपत्ति ली जा रही है।जिसका निराकरण 28 सितम्बर तक होगा। एवं इसका अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर तक होना है, यदि कोई भी मतदाता जो 18 वर्ष का है और यदि सूची मे रह गया हो तो उसका नाम आप लोग देख कर के हमारे बीएलओ को बता सकते हैं । एवं छूटे हुए नाम जुड़वा सकते है।यदि किसी भी मतदाता का नाम किसी भी तरह से सूची से कट गया है ,या गलत तरीके से किसी भी बीएलओ द्वारा नाम काटा गया है ,तो उसकी जानकारी मुझ तक भेजे में उस पर दंडात्मक कार्यवाही करूंगा। इसके साथ ही बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव द्वारा यह प्रमाणीकरण भी लिया जायेगा की कोई भी व्यक्ति



मतदाता सूची में हमारी पंचायत में शेष नहीं है सभी के नाम जोड़ दिए गए है। साथ ही जो मतदाता मृत हो चुके है उन सभी के नाम काट दिए गय है।पिछोर में जेंडर रेशों 880 था, जबकि आज 897 पर पहुंच गया है जबकि चुनाव आयोग का 901 तक का टारगेट है। उस टारगेट को भी हम लोग पूरा करने का प्रयास करेंगे। अभी कुछ समय में ही 10 से12 दिन तक 17 पॉइंट की वृद्धि हुई है ,इतनी वृद्धि कभी नहीं हुई है। इसके साथ ईपी रेशियों में भी 63त्न वोटर होना चाहिए था। जबकि हमने 63 की जगह 64 पर टारगेट पूरा किया है। अभी तक जो नाम काटे गए है उनमें अधिकांशतह मृत्यु या रिपीटर वाले ही नामो को काटा गया है। जिनकी संख्या 2558 है और जो नाम जोड़े गए उसमें 2810 पुरुष तथा 4812 महिलाएं इस तरह 7622 नाम जोड़े गए है जो दिव्यांग महिला तथा पुरुष है उनकी कुल संख्या 1638 है । इसके साथ सी एसडीएम द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस बार चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांग एवं 80 प्लस से अधिक आयु वाले जो मतदाता है उन मतदाताओं को यह विकल्प दिया गया है कि वह घर से भी वोट डाल सकते हैं जिनका 12 डी फॉर्म भरकर जमा किया जायेगा।उसकी टीम अलग रहेगी जो मतदान केंद्रों पर जायेगी।,उन सभी की वीडियोग्राफी होगी जिसमे राजनेतिक दलों के नेताओं को भी शामिल किया जाएगा।

# बेटा अपने हिस्से का भरेगा बिजली का बिल और इस तरह सुलझा पारिवारिक मामला

### शराब छोड़ने की प्रतिज्ञा से उजड़ने जा रहा परिवार बसा, पति जेल में है अब ससुराल वाले नहीं निकलेंगे घर से,11 प्रकरणों में हुआ राजीनामा

संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट

शिवपुरी। स्थानीय पुलिस रूम में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र के शिविर में सुनवाई योग्य 15 प्रकरणों में से 11 में राजीनामा संपन्न हुआ तथा 4 प्रकरण समझौता न हो पाने के कारण कार्यवाही हेतु महिला प्रकोष्ठ को वापस कर दिए गए। ग्वालियर जोन के एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रयासों से और शिवपुरी पुलिस कप्तान रघुवंश सिंह भदौरिया की पहल और निर्देशन में चलाए जा रहे परिवार परामर्श के शिविरों में आपसी समझौतों कराकर परिवारों को टूटने से बचाने का अनुकर्णीय काम जिला पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस माह के शिविर में पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदौरिया की अगुवाई मे एक ही दिन मे 11 प्रकरणों में राजीनामा संपन्न हुआ जो एक रिकॉर्ड है।

इस शिविर में शिवपुरी निवासी मोहसिन खान का बहुत ही रोचक प्रकरण सामने आया जिसमें पति-पत्नी के बीच विवाद का कारण ससुर के मकान बिजली का बिल था जिसमें सभी शामिलाती रह रहे थे जिसके कारण घर में कलह के हालात थे। इस प्रकरण मे जहां काउंसलरों ने सास ससुर की काउंसलिंग की वहीं बेटा बहु की भी काउंसलिंग करके उन्हें यह समझने में सफल रहे कि आप अपने हिस्से का बिजली का बिल जमा करें और दोनों पति-पत्नी इसके लिए मान गये। बहू इस बात पर लड़ रही थी की जब अन्य भाई बिजली का बिल दे देंगे तब ही मैं अपना हिस्सा दूंगी। इस मामले मे बुजुर्ग सास ससुर और उनके लड़के बहू के बीच में समझौता हो गया।



शोभा का विवाह शिवपुरी निवासी कपड़ा व्यवसाय देवेंद्र के साथ हुआ था और संतान न होने के कारण उन्होंने एक बेटी भी गोद ली हुई है। इन दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद का विषय जहां सास का अनावश्यक हस्तक्षेप था वही पति भी अपनी पत्नी को ज्यादा तवज्जो नहीं देता था जबकि उनके विवाह को 8 साल हो गए थे । इसी के चलते बगैर 2 माह से पत्नी मायके में रह रही थी। परामर्शदाताओं की समझाइश दोनों पति-पत्नी के गिले शिग्वे और इगो प्रॉब्लम दूर हुई, और समझौते की तत्काल बाद ही पत्नी पति के साथ हंसी खुशी अपने घर चली गई। एक अन्य प्रकरण में शराब खोरी पति-पत्नी के बीच तलाक का कारण बनने जा रहा था 8 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दो बच्चियों की मां अपने पति की शराब कोरी से परेशान होकर 3 माह से मायके रह रही थी और किसी भी कीमत पर अपने पति के साथ रहने को तैयार नहीं थी। इस रोचक प्रकरण में परामर्शदाता अपने प्रयासों में सफल हुए और पति ने आजीवन शराब नहीं पीने का सार्वजनिक रूप से संकल्प लिया और इस तरह पति-पत्नी के बीच समझौता संपन्न हुआ। पिछोर क्षेत्र की निवासी राम सिंह की बेटी सीमा का विवाह 5 वर्ष पूर्व खनियाधाना ब्लॉक के गांव में हुआ था पति के कुछ समय पूर्व जेल चले जाने के बाद ससुर ने उसे अपने घर से निकाल कर बेघर कर दिया था। परामर्शदाताओं की समझाइश के उपरांत अब ससुर अपने मकान में एक कमरा अपनी बहू को देने को सहर्ष तैयार हो गया है और इस तरह इस प्रकरण में भी राजीनामा संपन्न हो गया। इस शिविर में पुलिस अधीक्षक , रघुवंश सिंह भदोरिया, एडिशनल एसपी मुले साहब, जिला संयोजक आलोक एम इन्दौरिया, म. थाना प्रभारी शिखा तिवारी कंट्रोल रूम प्रभारी बृजेंद्र राजपूत, भरत अग्रवाल, डॉ इकबाल खान, राजेन्द्र राठौर, संतोष शिवहरे,राकेश शर्मा,विजय खन्ना, महिपाल अरोरा, सुरेन्द्र साहू ,प्रीति जैन, श्वेता आकांक्षा गौड, मृदुल राठी, नम्रता गर्ग, किरण ठाकुर, गुंजन खमरिया, आनंदित गांधी सहित महिला सेल का स्टाफ मौजूद था।

## छत्रसाल महाविद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

राकेश परिहार पिछोर



पिछोर। जिला कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्रकुमार चौधरी के निर्देशन में एवंजिला पंचायत सीईओ जिला स्वीप नोडल अधिकारी उमराव मरावी तथा पिछोर एसडीएम राजीव समाधिया के मार्गदर्शन में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में प्राचार्य डॉक्टर एसएस गौतम सहित निर्वाचन जागरूकता स्वीप प्रभारी डॉ अरविंद सिंह यादव , निर्वाचन सहायक स्वीप प्रभारी आनन्द लिटोरिया आदि के संयोजन में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की नोडल अधिकारी डॉ बबीता बाथम एवं सह नोडल अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें जो छात्र-छात्राएं 18 वर्ष के हो गए है उन्हे वोट डालने तथा शत प्रतिशत मतदान बढ़ाने हेतु ,छात्रों को जागरूक किया गया एवं उन सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई ।तथा प्रत्येक छात्र के परिवार से हर व्यक्ति अपना वोट देने जाए ।साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करे ।की बह भी अपना बोट डाले।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस गौतम सहित समस्त स्टाफ तथा महाविद्यालय की सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## शिक्षक दिवस पर लीनेस क्लब के द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** शिक्षक समाज के प्रेरणा स्त्रोत होते हैं, जो ज्ञान की राह में हमें दिशा देते हैं ,शिक्षा ही वह माध्यम जिससे हम अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं और शिक्षक ही हमें उसे माध्यम की दिशा में गाइड करते हैं शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा पांच शिक्षकों श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव, मनीषा तिवारी, रानी जुनेजा, एकता बजाज एवं अमरजीत राजपाल का सम्मान किया गया ।लीनेस अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहां की आज हम शिक्षकों का आभार अदा करने के रूप में शिक्षक दिवस मना रहे हैं और हम समझते हैं कि शिक्षक दिवस केवल एक दिन नहीं बल्कि हमारे जीवन का हर दिन होना चाहिए। शिक्षकों का योगदान हमारे जीवन को अर्थपूर्ण बनता है और उसके बिना समाज के प्रगति संभव नहीं है। सचिव रजनी खरे जी ने गुरुओं की महिमा का बखान किया एवं कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेवा ने कहा कि शिक्षक एक आदर्श होते हैं जो हमारे जीवन को संवारने में मदद करते हैं जो हमें सही और गलत के बीच अंतर समझते हैं शिक्षक दिवस के मौके पर स्मृति खरे ने भी शिक्षकों की योगदान की सराहना की अनीता टंडन जी ने कहा शिक्षक को मानवता के महान निर्माता होते हैं जिनका काम न केवल ज्ञान देना होता है बल्कि उत्तम नागरिक पैदा करना होता है कार्यक्रम का सफल संचालन रिम्मी जुनेजा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में लीनेस क्लब के सभी सदस्यों उपस्थित थे।



## कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति पर्व का आयोजन 07 सितम्बर को स्थानीय मानस भवन में सम्पन्न होगा

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप आगामी श्रीकृष्ण जनमाष्टमी को भोपाल सहित प्रदेश के अन्य स्थलों पर भक्ति पर्व का आयोजन 07 सितम्बर 2023 को दमोह जिला मुख्यालय पर किया जाना प्रस्तावित है। समारोह में संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से श्रीकृष्ण केन्द्रित नृत्य एवं भजन की सभा संयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने वर्षाऋतु को दृष्टिगत रखते हुये समारोह के लिए स्थानीय ऑडिटोरिमय का आरक्षण, स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं जिला प्रशासन की ओर से गतिविधि के समन्वय एवं संवाद के लिये कार्यक्रम में शामिल होने वाले जिले के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने तक की समस्त आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा संस्कृति संचालनालय भोपाल से सतत संपर्क में रहकर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार 07 सितम्बर 2023 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति-पर्व का आयोजन स्थानीय मानस भवन दमोह में कराये जाने की समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित की जायें।



## शिक्षक दिवस पर जेबरा विधायक ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

पुष्पांजली टुडे

दमोह। जबेरा विधानसभा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जिसमें जनपद तेंदूखेड़ा और जबेरा में पहुंचकर सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एंव कर्मचारी जनों को सम्मानित करने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ।विधायक नें कहाँ मेरे परम पूज्य पिता शिक्षक रहें और उनका आर्शीवाद और मार्गदर्शन मुझे सदैव गुरु के रूप मे प्राप्त हुआ।।शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी सेवा निवृत्त शिक्षक÷एवं ÷सेवा निवृत्त कर्मचारी का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है।चूकि मैं एक शिक्षक का पुत्र हूं और हमेशा से ही शिक्षकों के प्रति मेरे मन में उत्साह व सम्मान रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपना जन्मदिन शिक्षक दिवस के रुप में मनाया है इसलिए इस अवसर मेरे मन में सदैव रहा है कि मैं अपने गुरुजनों का सम्मान करुं। यह दिन हमारे शिक्षकों को समर्पित है, उन गुरुओं को जिन्होंने हमें ज्ञान, समझ, और आत्म-समर्पण की महत्वपूर्ण मूल्यों को सिखाया। शिक्षक वो मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने हमें न सिर्फ पढ़ाया है, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सिखाए हैं। उनके बिना, हमारा जीवन अधूरा है।

# भाजपा 12 और 16 सितम्बर से दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का शंख फूंकेगी

### दंतेवाड़ा में पहली यात्रा का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जशपुर में दूसरी यात्रा का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा करेंगे, वरिष्ठ नेता भी समय-समय पर यात्राओं में शामिल होने पहुँचेंगे। बिलासपुर में परिवर्तन यात्राओं के समापन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शिरकत, पहली यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और दूसरी यात्रा का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा- 87 विस क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा करने वाली परिवर्तन यात्राएँ भ्रष्टाचार के आकाओं को उखाड़ फेंकने के लिए जनता की हुँकार होगी। रायपुर। भारतीय जनता पार्टी आगामी 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों, दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का शंख फूँकने जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा करते हुए इन दोनों यात्राओं के पूरे रोडमैप और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। श्री साव ने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रादेशिक वरिष्ठ नेताओं का भी मार्गदर्शन समय-समय पर मिलता रहेगा। भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्रदेश की भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, अन्याय-अत्याचार और प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी करने वाली भूपेश सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकेगी। श्री साव ने प्रदेश की जनता से इस परिवर्तन यात्रा में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा दंतेवाड़ा से 12 सितम्बर को और जशपुरनगर से 16 सिंतबर को प्रारंभ होगी। दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली पहली यात्रा को मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झण्डी दिखाएंगे और जशपुरनगर से शुरू होने वाली दूसरी यात्रा को कोरवा व आदिवासियों की आराध्य देवी खुड़ियारानी की पूजा-अर्चना करके भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा हरी झण्डी दिखाएंगे। यात्रा के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मिलित होंगे। पहली यात्रा का नेतृत्व वह स्वयं (भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव) करेंगे और दूसरी यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। दोनों यात्राएँ 87 विधानसभा क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा तय करेंगी। पहली यात्रा दंतेवाडा से प्रारंभ होकर माँ बमलेश्वरी के दर्शन कर एवं दूसरी यात्रा जशपुर से निकलकर माँ चंद्रहासिनी देवी की दर्शन करते हुआ दोनों यात्रा माँ महामाया देवी की भूमि में संपन्न होगी। श्री साव ने कहा कि भाजपा की ये परिवर्तन यात्राएँ छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट भूपेश सरकार की पोल खोलने का काम करेगी और जनता को बताएगी कि कैसे छत्तीसगढ़ में पिछले पौने 5 साल से घपले-घोटालों की सरकार, अत्याचार की सरकार और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने बताया कि माँ दंतेश्वरी, माँ बमलेश्वरी व माँ महामाया देवी के आशीर्वाद से यात्रा दंतेवाड़ा से बिलासपुर तक 16 दिन में 1,728 किमी की का सफर तय करेगी और तीन संभागों के 21 जिलों तक पहुँचेगी। यात्रा के दौरान 45 आमसभाएँ, 32 स्वागत सभाएँ और 5 रोड शो होंगे। इस पहली यात्रा के संयोजक विधायक शिवरतन शर्मा व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा होंगे। उनके साथ सहयोगी के रूप में निरंजन सिन्हा व सचिन बघेल रहेंगे। दूसरी यात्रा, जो 16 सिंतबर को जशपुरनगर से प्रारंभ होगी, के संयोजक मोतीलाल साहू, सांसद गुहाराम अजगले, और प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव होंगे। यह दूसरी यात्रा 12 दिन में 2 संभागों के 14 जिलों के 39 विधानसभा क्षेत्र तक पहुँचकर 1,261 किमी का सफर तय करेगी। इस दौरान 39 आमसभाएँ, 53 स्वागत सभाएँ और 2 रोड शो होंगे। दोनों ही यात्राओं का समापन बिलासपुर में होगा। पार्टी ने जो यात्रा का रोडमैप बनाया है, उसके तहत यात्रा प्रतिदिन औसत 3 विधानसभा के दौरे पर रहेगी। इसमें हर दिन एक बड़ी सभा का आयोजन भी किया जायेगा। यात्रा के दौरान प्रतिदिन 6 स्वागत सभा, 3 छोटी सभा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में 36 घोषणाएं थीं, लेकिन एक को भी पूरा करने का कोई प्रयास प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने नहीं किया, बल्कि दिल्ली दरबार का एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को घोटाले और भ्रष्टाचार से लूटने का काम किया। ये परिवर्तन यात्राएँ राज्य से भ्रष्टाचार के आकाओं को उखाड़ फेंकने और राज्य में भ्रष्टाचार की दुकान बंद करने के लिए जनता की हुँकार होगी। श्री साव ने कहा कि भ्रष्टाचारी, परिवारवादी, जातिवादी और दिल्ली दरबार के दरबारी छत्तीसगढ़ का विकास नहीं कर सकते। छत्तीसगढ़ का भला केवल और केवल भाजपा की सरकार कर सकती है। इस संदेश को आत्मसात कर परिवर्तन यात्रा में आगे बड़ा जाएगा। श्री साव ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने गरीबों को राशन देने का काम किया, जबकि कांग्रेस ने गरीबों का राशन छीनने का काम किया। इसी तरह हर वर्ग के अधिकारों और सुविधाओं को छीनने का जो काम इस ठगेश सरकार ने किया है, उसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए ही यह परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है।

# बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर माना कि कांग्रेस सरकार ने 16 लाख परिवारों का आवास छीना : भाजपा

**श्री मोदी को पत्र लिखने के बजाय मुख्यमंत्री अगर केंद्र सरकार और अपने ही मंत्री के लिखे पत्रों पर गौर कर लेते तो प्रदेश के गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत होती - चंदेल, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा : अपने पूरे कार्यकाल में चिट्ठियाँ लिखकर अपने नाकारापन का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ने और अनर्गल प्रलाप करने के अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने कुछ नहीं किया**

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिखे गए पत्र को शर्मनाक और ओछे राजनीतिक चरित्र का परिचायक बताया है। श्री चंदेल ने कहा कि प्रदेश के 16 लाख गरीब परिवारों का आवास छीनने का पाप करने वाले मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को पत्र लिखकर यह तो मान ही लिया है कि उन्होंने गरीबों के आवास नहीं दिए। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को इस बात के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए कि उन्होंने यह कहकर गरीबों का आवास छीनकर अपने राजनीतिक ओछेपन का प्रदर्शन किया था कि इस योजना में %प्रधानमंत्री% शब्द जुड़ा है, इसलिए इसका पूरा पैसा प्रधानमंत्री दें। प्रधानमंत्री आवास का केन्द्रांश लौटा देने वाले मुख्यमंत्री बघेल अब केंद्र द्वारा राशि वापस ले लिए जाने का नया झूठ फैला रहे हैं और अपनी चला-चली की बेला में पत्र लिखकर प्रदेश की जनता को बरगलाने में लगे हैं। श्री चंदेल ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में चिट्ठियाँ लिखकर अपने नाकारापन का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ने और अनर्गल प्रलाप करने के अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने कुछ भी नहीं किया। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को पत्र लिखने के बजाय मुख्यमंत्री अगर केंद्र सरकार और अपने ही मंत्री के लिखे पत्रों पर गौर कर लेते तो प्रदेश के गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत होती। श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को तीन केन्द्रीय मंत्रियों ने पत्र लिखकर पीएम आवास की स्वीकृति के लिए कहा था। दिनांक 01 सितंबर 2021 को केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने, 15 सितम्बर 2021 को केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने एवं 22 अगस्त 2022 को गया प्रसाद जी ने खत लिखकर प्रधानमंत्री आवास के विषय को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष रखा था। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री बघेल के खुद के मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने 16 जुलाई 2022 को खत लिखकर प्रदेश सरकार को अवगत कराते हुए अपने उस विभाग से इस्तीफा भी दिया था। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल आज अपनी सरकार की अंतिम विदाई की बेला में किसलिए प्रधानमंत्री को खत लिख रहे हैंड़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी आखिरी साँसें गिन रही है और मुख्यमंत्री बघेल चाहे जितने पैंतरे आजमा लें, अब प्रदेश की जनता भूपेश बघेल के भ्रमजाल में नहीं आने वाली है।

# सभी शांति एवं सौहार्द से मनाएं त्यौहार, इस अपील के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित

## सभी से सहयोग एवं समन्वय की अपेक्षा

**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी,** इस माह में कई त्यौहार मनाए जाएंगे जिसमें 7 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी, 8 और 9 सितंबर को चेहल्लुम, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 25 को डोल ग्यारस, गणेश विसर्जन आदि त्यौहार पर कई आयोजन होंगे। सभी त्योहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। जिला प्रशासन की सभी से यह अपील है। सभी से सहयोग एवं समन्वय की अपेक्षा के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों से इन त्योहारों पर की जाने वाली तैयारियों व आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। त्योहार के अवसर पर कई बड़े आयोजन होते हैं जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ हो जाती है। इसमें सभी व्यवस्था बनी रहे। विशेष कर यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। किसी रैली के दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति ना बने इसके अलावा पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। बैठक में उपस्थित नगर पालिका और विद्युत विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका को शहर में साफ सफाई पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। एडीएम विवेक रघुवंशी ने कहा कि मूर्तियां का साइज भी निर्धारित किया जाए और ताजिए भी इस प्रकार बनाए जाएं की विद्युत लाइन में बाधा ना हो। 10 फीट से अधिक ऊंची मूर्ति



ना बनाएं। जो भी चल समारोह निकले उनमें आयोजक, समाज के गणमान्य नागरिक भी व्यवस्थाओं पर ध्यान दें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, सीईओ जिला पंचायत उमराव मरावी सहित अन्य अधिकारी व शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा मौ में 17 सितम्बर श्री विश्वकर्मा पूजा की तैयारी को लेकर आज दिनांक 05/9/2023 को बैठक संपन्न हुई

**उप संपादक महेंद्र शर्मा**





**भिंड।** मौ विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा 17 सितंबर श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने को लेकर समाज के वरिष्ठजनों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा जी द्वारा बताया गया कि हम समस्त विश्वकर्मा वंशियों को एकजुट होकर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी हमें अपने नगर में धूमधाम से 17 सितंबर श्री विश्वकर्मा पूजन के उपलक्ष में 24 सितंबर को भव्य सभा एवं चल समारोह कार्यक्रम करेंगे जिसमें सर्वप्रथम हमें श्री विश्वकर्मा भगवान का पूजन कर चल समारोह निकालकर एक मंच के माध्यम से हमें सामाजिक परिचर्चा भी करते हुए सभी लोग भंडारा प्रसादी ग्रहण करेंगे उसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री द्वारका प्रसाद विश्वकर्मा, श्री लच्छीराम विश्वकर्मा जी , श्रीं श्रीं 108 राजाराम विश्वकर्मा जी, श्री ज्ञानचंद विश्वकर्मा, श्री गंभीर विश्वकर्मा, श्री दुर्गा चरण विश्वकर्मा ,राकेश विश्वकर्मा जी, नगर प्रभारी डॉ. बेताल विश्वकर्मा, मौड़ नगर अध्यक्ष डॉ गोविंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा , कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा, प्रचार मंत्री उग्रसेन विश्वकर्मा, मंत्री रामनिवास विश्वकर्मा, सुरक्षा मंत्री करतार विश्वकर्मा, इंदर सिंह विश्वकर्मा, इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस की शुभ अवसर पर शिवाजी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का किया सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**



ग्वालियर सीमा पर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का किया गया सम्मान स्कूल संचालक दिनेश परिहार उर्फ बन्टू ने शिक्षक दिवस और जानकारी देते हुए बताया की पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जन्मदिन 5 सितंबर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का दिन है स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को अपने टीचर का आभार व्यक्त करने का दिन है बल्कि कामकाजी पेशेवर अपने गुरुओं को स्पेशल फील करते हैं जिसे उन्होंने जीवन में काफी कुछ सीखा है करियर और जीवन में आगे बढ़ाने में मदद की जीवन को आकार दिया और शिक्षक दिवस बच्चों लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है बच्चे गुरुओं के लिए निबंध भी कहते हैं जैसे कि गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरुदेव महेश्वर गुरु साक्षात परम ब्रह्म सीता समय गुरवे नमः। यानी गुरु ही ब्रह्मा है गुरु ही विष्णु है गूर देव ही शिव है और गूरू देव ही मुल ब्रह्म का साकार रूप है और गुरू देव को हम नमन करते हैं साथियों आज हम इन्हीं गुरुओं को सत सत प्रणाम करने का दिन है जिन्होंने हमारे जीवन में अज्ञानता कि अंधकार से दूर कर ज्ञान की प्रकाश से भर देते है शिक्षक हमें सिर्फ पडाते नहीं है बल्कि हमारे भविष्य को आकार देते हैं हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं वे हमारी गलतियों बताते हैं ताकि हम सुधार कर सकें गुरु हमें जीवन में हर मोड़ पर आने वाली कठिनाइयां से लड़ने की शक्ति देते हैं बैसे तो हर दिन गूरू के पृति सम्मान जाहिर करने का है लेकिन 5 सितम्बर का दिन बेहद खास है इसी दिन पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन होता है देश के पहले उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक मशहूर दार्शनिक और शिक्षाविद थे उनका जन्म दिन 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु तिरुमनी गांव में हुआ था वह शिक्षा के बड़े पक्षधर रहे एक बार राधाकृष्णन के कुछ शिष्यों ने मिलकर जन्मदिन मनाने को सोचा इसे लेकर उनके पास अनुमति लेने को पहुंचे तो राधाकृष्णन ने कहा मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की वजह अगर शिक्षक दिवस के रूप में मनाए तो मुझे गर्व होगा जब से ही पास 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है इसी को याद करते हुए आज शिवाजी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को उपहार दिए गए एवं माला पहनकर सफा बाधकर तिलक कर सम्मानित किया गया सम्मानित शिक्षकों में नेहा सिंह स्कूल प्रिंसिपल, सुनील सर अर्जुन सर, अनुप त्यागी, आरती शर्मा, राखी, आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया इसी क्रम में मालनपुर वरिष्ठ पत्रकार दो परमाल सिंह तोमर एवं बृजभूषण सिंह कुशवाह का सम्मान युवा पत्रकार पहलवान सिंह के द्वारा किया गया।

# नल जल योजना से ग्रामीण परिवार की महिलाओं को शुद्ध पेय जल घर पर ही मिलेगा : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

## सहकारिता मंत्री ने अटेर विधानसभा क्षेत्र में 6 करोड़ 64 लाख से अधिक लागत के कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने आज लगातार तीसरे दिन अटेर क्षेत्र को अनेक सौगाते दी और 6 करोड़ 64 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अटेर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी, अटेर में अनेक निर्माण कार्य जारी हैं साथ ही कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। सभी इलाकों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो,शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश,आवागमन के लिए अच्छी सड़कें आदि सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को विभिन्न प्रकार के लाभ दिए जा रहे हैं। शासन के द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में बदलाव आ रहा है। ग्राम के समस्त घरों में जल जीवन मिशन के तहत पर्याप्त मात्रा में नल से स्वच्छ जल पहुंचाया जाएगा। पहले गांव में पानी का कोई स्त्रोत नहीं था, तब ग्रामवासियों को कई किलोमीटर दूर से पानी लेकर आना पड़ता था। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल मिलने से जहां जल जनित बीमारियां कम हुई है, वहीं महिलाओं को पानी की लाइन लगाने तथा पानी ढोने से मुक्ति तो मिली ही है, साथ ही श्रम एवं समय की भी बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि जैसा विकास शहरों का हो रहा है वही विकास प्रत्येक गांव का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों तक योजनाओं की पहुंच को आसान बनाया है। साथ ही प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सूविधाएं मुहैया कराने के लिए संकल्पित है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही है साथ ही क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विकास के तहत् सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, सोसायटी भवनों का निर्माण कर रही है।

**अटेर क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हुआ**–सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकासखण्ड अटेर के ग्राम कुन्दनपुरा, बहरायपुरा, गोहरा, सराया में 6 करोड़ 64 लाख 27 हजार की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कनावर के ग्राम कुन्दनपुरा एवं किन्नौठा में जिला खनिज मद से निर्मित सीसी रोड़ लागत 20 लाख, ग्राम बहरायपुरा में बहरायपुरा से सांकरी पहुंच मार्ग लम्बाई 4.90 किमी. लागत 644.27 लाख का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

# शिक्षक का गुरुत्तर दायित्व : हीराराम चौधरी

**पुष्पाजंली टुडे**



पाली । आज शिक्षक दिवस है ,इस दिवस की शुभ प्रभातवेला मैं शिक्षक होने के नाते अपने विचार आप श्रेष्ठजनों से साझा कर रहा हूं । बच्चे राष्ट के उज्ज्वल भविष्य है। उनके संस्कारो पर ही समाज व राष्ट का भविष्य निर्भर होता है। बच्चो के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा और संस्कार की महत्ती भूमिका है। शिक्षा और संस्कार के माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता हैं। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा तभी वह परिवार,समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा त्रि-आयामी प्रक्रिया है ,जिसमे माता-पिता और परिवार की पाठशाला के बाद शिक्षक-गुरुजनों की महत्ती भूमिका होती है। कहते है कि ÷शिक्षक-गुरुजन संस्कारो का एक प्रकाश स्तम्भ है,जो विद्यार्थियों के जीवन को प्रकाशमय बनाता है।÷ हम शिक्षक जनो के पास जो बच्चा आता है वह कोरी स्लेट नही होता है।वह विद्यालय में दाखिला लेते समय परिवार की पाठशाला से कुछ न कुछ सीख कर जरूर आता है। हम शिक्षक जनों को चाहिए कि हम बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देवे और उसे उत्तम जीवन जीने के वे सांस्कृतिक आदर्श मूल्य और प्रतिमानों का ज्ञान जरूर कराए जिससे वे अपने मनुज जीवन को सफल बना सके। हमारे राष्ट के महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी ने कहा कि,÷शिक्षक राष्ट की संस्कृति के चतुर माली होते है।वे संस्कारों की जड़ो में खाद देते है और अपने श्रम से सींचकर उन्हें शक्ति में निर्मित करते है।राष्ट के वास्तविक निर्माता उस देश के शिक्षक होते है।%% इस श्रेष्ठ विचार के मूल भाव को हम शिक्षक गुरुजनो को समझना होगा और एक विकसित,समृद्ध और खुशहाल राष्ट व विश्व के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका अदा करनी होगी।एक माली-बागवान अपने उद्यान को हरा-भरा और महकदार बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ करता है। ऐसा ही पुरुषार्थ हर शिक्षक-गुरुजन अपने विद्यालय रूपी उद्यान को पुष्पित-पल्वित करने के लिए करे तो अपना भारत गौरवमयी स्थान पर पुनः प्रतिस्थापित हो सकता है ।बच्चो को भारतीय संस्कृति के महान आदर्शो,मूल्यों और प्रतिमानों की सीख देने पर जोर देने की आवश्यकता है। हम बच्चों को सामाजिक और राष्टीय दायित्वों के प्रति कर्तव्य पालन का बोध कराने की सीख देवे। हम शिक्षक-गुरुजनों गुरुत्तर दायित्व बनता है बच्चों को आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे। बच्चो को अपनी महान संस्कृति,सभ्यता और परम्पराओ के प्रति गौरव बोध का भाव भरे।हर व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई ऐसा शिक्षक-गुरुजन जरूर होता है जिसके व्यक्तित्व और विचारो की गहन छाप उस पर पड़ती है। अतः प्रत्येक शिक्षक-गुरुजन सभ्य समाज और समृद्ध राष्ट के निर्माण में अपने उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करे।

# मोहना शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर मे सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय पोषण माह और शिक्षक दिवस मनाया

महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम द्वारा मोहना शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर मे सभी छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर राष्टीय पोषण माह और शिक्षक दिवस मनाया। राष्टीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण जगरुक्ता के रूप मे मनाया जाता है। इस कार्यक्रम मे सभी को पोषण के बारे मे जानकारी दी गई एवं पोषण को लेकर देनिक दिनचर्या क्या होनी चाहिए इसके बारे मे भी विस्तार से समझाया गया साथ ही पोषण वाटिका के लगाये जाने के बारे में बताया गया एवं पोषण की घंटी कुपोषण से छुट्टी को लेकर गांव वालों को जागरूक किया गया। साथ ही जागरूक करते हुये बताया कि किशोरी बालिकाये किस प्रकार से सुरक्षित रह सकती है। और क्या-क्या आहार एवं सावधानिया बरतनी चाहिए, साथ ही पोषण वाटिका से प्राप्त हरी सब्जियां दी गई।



**सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया**–ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम महिला एवं बाल विकास विभाग,स्वास्थ विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ मिलकर घाटीगांव ब्लॉक में 104 गाँव की 128 आंगनवाड़ी और 150 स्कूल में कुपोषण एवं एनीमिया पर गंभीरता से पिछले चार वर्ष से काम कर रही है। फाउंडेशन की टीम द्वारा बताया गया की किस प्रकार ब्रहस्र टीम ग्रामीण स्तर पर कुपोषण एवं एनीमिया को कम करने के लिए निरंतरत प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम मे शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य हेमन्त मेहुरिया, शिक्षक कुमारी सपना यादव, सरमन लाल जाटव, श्रीमती मेहरून निशा, विनय पाल, प्रहलाद धाकड़, प्रभात, श्रीमती गायत्री रावत, श्रीमती निर्मला वर्मा ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम से फील्ड कोडिनेटर अनिल मिश्रा , शिवम शर्मा, ललिता प्रजापति और मीडिया प्रभारी रहीश खान आदि उपस्थित थे।

# भिण्ड जिले में 40 दिन तक भ्रमण करेंगे 3 विकास रथ

## प्रदेश में विकास और शासन को योजना का प्रचार प्रसार करेंगे, मप्र शासन पर केन्द्रित वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन कर करेंगे प्रचार-प्रसार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । विकास किया है-विकास करेंगे की थीम पर आधारित विकास रथों को सीईओ जिला पंचायत श्री मनोज सरियाम, एडीएम श्री राजकुमार खत्री ने हरी झंडी दिखाकर जिले के सभी विकासखण्डों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने हेतु रवाना किया। इसी प्रकार विकासखंड मेहगांव में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया एवं विधायक प्रतिनिधि ने विकास रथ को हरी झंडी दिखाई। यह रथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 40 दिन तक भ्रमण करेंगे। जिले में कुल 3 विकास रथ चलाये जा रहे हैं। विकास रथों में लगी एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं पर आधारित विभिन्न वीडियो फिल्म और गाने दिखाये जायेंगे। इन वीडियो में जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई जायेगी। इसके साथ ही रघुवीर यादव द्वारा गाया गया मध्यप्रदेश गान, मध्यप्रदेश पर आधारित फिल्म तब और अब, मध्यप्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाएँ तब और अब, अद्भुत मध्यप्रदेश, जन-सरोकार, वंदे-मध्यप्रदेश, महिला सशक्तिकरण, लाड़ली बहना सेना, कृषि और सिंचाई, स्व-सहायता समूह और सीखो-कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाई जायेंगी। जिलों में लगने वाले हाट-बाजार तथा विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों, ग्रामीण क्षेत्रों, नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में और प्रमुख स्थलों पर विकास रथ से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन कर प्रचार-प्रसार करेंगे।

# ग्वालियर पुलिस ने हाईवे में मनाया शिक्षक दिवस बिना हेलमेट के चल रहे शिक्षकों को डोनेट की हेलमेट

## शिक्षा के साथ सुरक्षा का संदेश देते हुए रास्ते में गुरुदेवों की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, पुलिस को देख चालान के डर से दूर भागने वाले शिक्षकों का पुलिस ने किया सम्मान



घाटीगाँव एसडीओपी संतोष पटेल व थाना प्रभारी शैलेंद्र गुर्जर द्वारा घटीगाँव के आसपास के विद्यालयों में पढ़ाने जाने वाले शिक्षकों को रास्ते में ही रोककर पहले हल्दी चावल का टीका लगाया उसके बाद फूल माला पहनाकर पूजा अर्चना की और फिर हेलमेट का उपहार देकर शिक्षक दिवस मनाया। कोई भी जितना बड़ा अधिकारी बना है शिक्षकों की बदौलत ही बना है। अपने गुरुजनों के पास तो नहीं जा पाये लेकिन आज दुनिया के सबसे बड़े पद गुरु का कर्मस्थली पर सम्मान किया। शिक्षकों के सम्मान में ग्वालियर के समाजसेवी अनिल जैन भी पुलिस के साथ उपस्थित रहे जिन्होंने अपने गुरुजनों का सम्मान किया। एक दर्जन गुरुजनों का सम्मान पुलिस द्वारा किया गया जिसमें से राजवीर गुर्जर प्राथमिक विद्यालय राई का पूरा आदिवासी मोहल्ला राजेंद्र कुमार अंब प्राथमिक विद्यालय घाटीगाँव अरविंद केन सारथी विद्या मंदिर घाटीगाँव व अन्य को हेलमेट डोनेट की गई तथा शिक्षा से पहले सुरक्षा का संदेश दिया गया।

# मल्लिकार्जुन खड़गे होने के मायने

**समसामयिकः** वे दक्षिण के एक दलित नेता हैं और उत्तर भारतीय जाति-आधारित नेताओं के साथ तल भयभीत नहीं करते हैं।

एमके वेणु

> भारतीय राजनीति के एक अनुभवी नेता के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'इंडिया' गठबंधन के बीच की दूरियों को भरने में जो भूमिका निभाई है वह काफी स्पष्ट है। ऐसी और भी कई बातें हैं जो खड़गे के पक्ष में जाती हैं।...राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच एक विशेष संबंध बन रहा है। जाहिर है, राहुल ने किसी अन्य दिग्गज कांग्रेसी नेता के प्रति सार्वजनिक रूप से इतना सम्मान और स्नेह प्रदर्शित नहीं किया है।

हाल के दिनों में राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ होते हुए पार्टी के सांसद राहुल गांधी के हावभाव, बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दिया। राहुल स्पष्ट रूप से 81 वर्षीय कांग्रेस दिग्गज के प्रति बहुत सम्मान और श्रद्धा जाहिर करते हैं।

कुछ दिन पहले राहुल कर्नाटक में एक कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष के बगल में बैठे थे। उन्होंने खड़गे को खुद गिलास में पानी निकालकर दिया। कुछ कांग्रेस नेताओं ने इस बारे में ट्वीट भी किया था। एक अन्य मौके पर राहुल पार्टी की एक बैठक के बाद खुद खड़गे को उनकी कार से छोड़ने गए थे।

इन उदाहरणों का हवाला केवल यह बताने के लिए है कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच एक विशेष संबंध बन रहा है। जाहिर है, राहुल ने किसी अन्य दिग्गज कांग्रेसी नेता के प्रति सार्वजनिक रूप से इतना सम्मान और स्नेह प्रदर्शित नहीं किया है। 'इंडिया' गठबंधन के संदर्भ में इसका कुछ गंभीर राजनीतिक महत्व है। भारतीय राजनीति के एक अनुभवी नेता के तौर पर खड़गे ने 'इंडिया' गठबंधन के बीच की दरारों को भरने में जो भूमिका निभाई है वह काफी स्पष्ट है। ऐसी और भी बातें हैं जो खड़गे के पक्ष में हैं। वे दक्षिण के एक दलित नेता हैं और उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी, जहां पहचान की राजनीति में दुश्मनी हावी रहती है, के जाति-आधारित नेताओं को भयभीत नहीं करते हैं। इतिहास बताता है कि जब भी लोकसभा में निर्णायक जनादेश का अभाव होता है, तो दक्षिण का कोई ऐसा ही नेता, जो उत्तर वालों को डराता नहीं है, गैर-भाजपा गठबंधन में सर्वसम्मति वाले उम्मीदवार के रूप में उभरता है। बेशक, यह भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन पर लागू नहीं होता है, क्योंकि यह काफी हद तक उत्तर भारतीय पार्टी है। 1991 में कांग्रेस के बहुमत से दूर रहने के बाद पीवी नरसिम्हा राव सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में सामने आए थे। कांग्रेस में भी उत्तर से आने वाले अधिक शक्तिशाली नेता थे लेकिन अपेक्षाकृत लो प्रोफ़ाइल वाले नरसिम्हा राव सर्वसम्मत उम्मीदवार बने। एचडी देवेगौड़ा के बारे में भी यही कहा जा सकता है, जिन्हें लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव दोनों ने संयुक्त मोर्चा गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए समर्थन दिया था। इनमें से किसी भी नेता ने किसी भी तरह से गठबंधन की राजनीतिक समीकरणों को खतरे में नहीं डाला।

इसी संदर्भ में खड़गे के महत्व को रेखांकित किया जाना चाहिए क्योंकि 'इंडिया' गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों में उतर रहा है। यदि कांग्रेस का मामला 100 सीटों से ऊपर जाता है, तो 2024 के लोकसभा चुनाव हैरान कर सकते हैं।लेकिन साल 2024, 2019 नहीं है और भले ही 'इंडिया' गठबंधन के पास कोई वैकल्पिक पीएम उम्मीदवार या न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता निश्चित रूप से उनके 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर आंकेगी। साल 2019 में मतदाताओं का मन मोदी को और पांच साल देने का था। लेकिन इस बार कई मोदी वोटर यह भी सोच सकते हैं कि किसी नेता के लिए नतीजे देने के लिए 10 साल एक लंबा समय होता है। इसलिए बड़ी संख्या में मतदाता शोर-शराबे वाले हिंदुत्व अभियान के बावजूद उन नतीजों को तलाशेंगे। इसलिए देशभर में सीट-बंटवारे के साथ, अगर चुनाव विशुद्ध रूप से मोदी के 10 वर्षों के शासन पर जनमत संग्रह है, और उन्होंने ठोस रूप में आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए क्या किया है, की बात उठती है, तो 'इंडिया' गठबंधन उन्हें टक्कर दे सकता है। भाजपा में स्पष्ट रूप से कुछ घबराहट है- हताश प्रधानमंत्री अधूरी सरकारी रिक्तियों और आंतरिक पदोन्नतियों को नई नौकरियों के तौर पर पेश करते नजर आ रहे हैं! इसलिए 'इंडिया' गठबंधन को कोई प्रधानमंत्रीम उम्मीदवार पेश करने की जरूरत नहीं है, लेकिन यह संदेश धीरे-धीरे दिया जा सकता है कि अगर गठबंधन के भीतर कांग्रेस लगभग 110 -120 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती है, तो खड़गे संभावित गठबंधन के सर्वसम्मत उम्मीदवार के रूप में उभर सकते हैं। राहुल गांधी इसी संभावना के लिए मानसिक रूप से तैयार होते नजर आ रहे हैं। ऐसा करके राहुल यह भी इशारा कर रहे होंगे कि वे गठबंधन का नेतृत्व करने की दौड़ से पूरी तरह बाहर हैं।

युवा गांधी ने हमेशा सबसे पुरानी पार्टी को कुछ ताजगी और नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए एक विश्वसनीय दलित नेतृत्व को तैयार करने की कल्पना की है। खड़गे इस खांचे में बिल्कुल फिट बैठते हैं। इसके अलावा, 'इंडिया' गठबंधन के अन्य सहयोगियों या यहां तक कि मायावती जैसे किसी बाहर के व्यक्ति के लिए भी चुनाव के बाद गठबंधन के नेता के रूप में खड़गे का विरोध करना बहुत मुश्किल होगा। अगले सात महीने दिलचस्प संभावनाएं पैदा कर सकते हैं। *(साभार- द वायर)*

## समाचार विश्लेषण : पाकिस्तानी फिल्मकारों को अब मिली पहचान

> सेंसरशिप से जुड़ी सख्त नीतियां और समाज का रूढ़िवादी तबका ऐसी बाधाएं हैं, जिनकी वजह से पाकिस्तानी फिल्म निर्माताओं को रचनात्मक स्वतंत्रता नहीं मिल पा रही है। हालांकि, धीरे-धीरे ही सही, लेकिन अब पाकिस्तान के घरेलू फिल्म उद्योग में काफी बदलाव हो रहा है।

पाकिस्तान में फिल्मकारों को न तो बेहतर मौके मिलते हैं और न उनके काम की कदर होती है। हालांकि, अब उन्हें वैश्विक स्तर पर सराहना मिल रही है, लेकिन इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। सेंसरशिप से जुड़ी सख्त नीतियां और समाज का रूढ़िवादी तबका ऐसी बाधाएं हैं, जिनकी वजह से पाकिस्तानी फिल्म निर्माताओं को रचनात्मक स्वतंत्रता नहीं मिल पा रही है। हालांकि, धीरे-धीरे ही सही, लेकिन अब पाकिस्तान के घरेलू फिल्म उद्योग में काफी बदलाव हो रहा है।

2012 में फिल्म निर्माता शरमीन ओबेद चिनोय की फिल्म 'सेविंग फेस' ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री की केटगरी में एकेडमी अवार्ड जीता था और शरमीन अपने देश के लिए ऑस्कर जीतने वाली पहली पाकिस्तानी बन गईं। यह फिल्म पाकिस्तान में एसिड हमलों की पीड़ितों पर आधारित थी।

इसके चार साल बाद उन्होंने 2016 में ऑनर किलिंग के विषय पर बनाई गई अपनी फिल्म ₹ए गर्ल इन द रीवरः द प्राइस ऑफ फॉरगिवनेस" के लिए दूसरा ऑस्कर हासिल किया। इन दिनों वह 2025 में रिलीज होने वाली अगली 'स्टार वार्स' फिल्म के निर्देशन में व्यस्त हैं। शरमीन इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली महिला और अश्वेत व्यक्ति हैं।

युवा फिल्म निर्माता आसिम अब्बासी की फिल्म 'केक' और वेब सीरीज 'चुड़ैल्स' की भी समीक्षकों ने काफी प्रशंसा की है। फिलहाल वे 'द फेमस फाइव' के एक एपिसोड का निर्देशन कर रहे हैं। इन उपलब्धियों के बाद स्थानीय आलोचकों और विश्लेषकों के समूह के बीच नई धारणा बन रही है कि पाकिस्तानी फिल्म को अंततः वैश्विक स्तर पर पहचान मिल गई है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या ये उपलब्धियां देश में फिल्म निर्माण उद्योग की सही तस्वीर बयां कर रही हैं? आखिर यह उद्योग घरेलू स्तर पर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए इतना संघर्ष क्यों कर रहा है?

शरमीन ने डीडब्ल्यू को बताया, ₹इतने सालों से फिल्म निर्माताओं को कई वजहों से पाकिस्तान में तय मापदंडों के मुताबिक ही काम करना पड़ रहा था। अब स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। फिल्म निर्माताओं का समूह सीमाओं से परे पूरी दुनिया में अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहता है और खुद को साबित करना चाहता है।" उन्होंने कहा, ₹यह बात सिर्फ निर्देशकों पर ही लागू नहीं हो रही, बल्कि अभिनेता और अभिनेत्रियों पर भी लागू हो रही है। इससे पता चलता है कि युवा पीढ़ी जहां कहीं भी संभव हो, अपनी कला का प्रदर्शन करने में दिलचस्पी दिखा रही है। *(साभार- डीडब्ल्यू)*

## मेजबान का फर्ज निभाया

> जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले इस समूह के सदस्य देशों से प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर आम सहमति बनाने की अपील कर मेजबान का फर्ज निभाया है। वरना, उनके इस विचार से आज की दुनिया में कम ही लोग सहमत होंगे कि दुनिया आज की खास समस्याओं के समाधान के लिए इस मंच की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। जिस समूह का शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले एक साझा घोषणापत्र तैयार करने के लिए ही जद्दोजहद चल रही हो, उससे कितनी आशा रखी जा सकती है, यह खुद जाहिर है। इस जद्दोजहद में कामयाबी मिलने की संभावना भी न्यूनतम ही है। पश्चिमी देश अड़े हुए हैं कि घोषणापत्र में यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की निंदा जरूर होनी चाहिए। रूस और चीन इस पर राजी होंगे, यह सोचना भी कठिन है। दूसरी तरफ खबर है कि भारत घोषणापत्र में वसुधैव कुटम्बकम का उल्लेख करना चाहता है, जिस पर चीन सहित कई देशों ने एतराज जताया है। बारीक कूटनीति से इस आपत्ति को दूर करने में सफलता मिल सकती है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सहमति बनना असंभव है।*

*बहरहाल, ये मतभेद तात्कालिक समस्याओं से पैदा हुए हैं। लेकिन जी-20 की मुख्य समस्या इसके अस्तित्व का संदर्भ बदल जाना है। इस समूह को भूमंडलीकरण का मिल-जुल कर प्रबंधन करने के लिए बनाया गया था। अब भूमंडलीकरण की प्रक्रिया ही उलटी दिशा में चल पड़ी है। इस परिघटना की जड़ में पश्चिमी खेमे और चीन-रूस के नेतृत्व में बन रहे खेमे के बीच खाई बढ़ते जाना है। इसके मद्देनजर जहां पश्चिमी देशों की निगाह में अपने समूह जी-7 का महत्त्व फिर से लौट आया है। दूसरी तरफ ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन जैसे मंचों के विकासशील देश अपने माफिक विश्व ढांचे को खड़ा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं।*

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## उपाय क्यों कारगर नहीं?

> ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था।

*भारत सरकार की आयात-निर्यात नीति में अस्थिरता से किसान या अन्य उत्पादक तबकों के लिए समस्याएं खड़ी होती हैं। हाल में जब प्याज का सवाल आया, तो आखिरकार सरकार को यह वादा करना पड़ा कि सरकार किसानों से प्याज की खरीदारी ऊंची कीमत पर करेगी, ताकि निर्यात रोकने के फैसले से उन्हें नुकसान नहीं होगा। बहरहाल, देखने की बात यह है कि जिस मकसद से खाद्य पदार्थों का निर्यात हाल में रोका गया है, क्या उसमें कामयाबी मिली है? भारत ने पहले गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई थी। अब गैर-बासमती और बासमती चावल के निर्यात पर भी कई तरह की रोक लगा दी गई है। लेकिन ताजा आंकड़े बताते हैं कि इन कदमों से खाद्य महंगाई पर काबू पाने में आंशिक राहत ही मिली है। जुलाई में भारत में खाद्य महंगाई 11.5 फीसदी रही। यह तीन साल में सबसे उच्चतम स्तर था। अध्ययनों के मुताबिक पिछले पांच साल में भारत में सामान्य खाने की थाली का दाम 65 फीसदी बढ़ा है, जबकि इस दौरान लोगों की कमाई सिर्फ 37 फीसदी बढ़ी है।*

*यानी खाने पर लोगों का खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस संकट के कई कारण चर्चा में हैं। इस सिलसिले में अल नीनो के प्रभाव के चलते कमजोर होते मॉनसून, सरकार के भंडार में घटते अनाज, फ्री राशन स्कीम की जरूरतें आदि की चर्चा रही है। यूक्रेन युद्ध से बनी विश्व स्थितियों को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। लेकिन खाद्य एवं अन्य महंगाई को बढ़ाए रखने में कारोबार पर एकाधिकार रखने वाली कंपनियों और विक्रताओं की क्या भूमिका है, यह सवाल भारत में हो रही चर्चा से गायब है। जबकि पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों ने इस भूमिका को प्रमुख कारण के रूप में सिद्ध कर दिया है। आईएमएफ ने भी यूरोप के संदर्भ में इस तथ्य को अपनी एक रिपोर्ट में स्वीकार किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर विरल आचार्य ने अपने हाल के शोध में भारत के संदर्भ में इस पहलू की भूमिका साबित कर दी है। मगर पक्ष हो या विपक्ष या फिर मेनस्ट्रीम मीडिया- इस बारे में उन्होंने चुप्पी साध रखी है।*

**भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन बलराम का जन्म होने के कारण इस दिन इनकी जयंती मनाई जाती है। इस तिथि को हल षष्ठी के रुप में मनाया जाता है। इस व्रत को बलराम जयन्ती, ललही छठ, बलदेव छठ, रंधन छठ, हलछठ, हरछठ व्रत, हल छठ, तिनछठी, तिन्नी छठ जैसे नामों से भी जाना जाता है। बलराम का अस्त्र हल था। इसीलिए इस षष्ठी को हल षष्ठी के नाम से भी पुकारा जाता है। हल षष्ठी के दिन पृथ्वी पूजन होता है। कृषक लोग कृषि कार्य में उपयोग में आने वाली कृषि यंत्रों, वस्तुओं का पूजन करते हैं।**

# बलवानों में श्रेष्ठ बलभद्र



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

श्रीकृष्ण के अग्रज बलराम रोहिणी के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। बलभद्र, संकर्षण, हलधर, हलायुध, रोहिणीनन्दन, काम, नीलाम्बर आदि इनके अनेक नाम हैं। बलभद्र के सगे सात भाई और एक बहन सुभद्रा थी, जिन्हें चित्रा के नाम से भी जाना जाता है। बलभद्र का विवाह रेवत नाम से प्रसिद्ध कुशस्थली नामक राज्य के राजा काकुदमी की पुत्री रेवती से हुआ था। मान्यता है कि काकुदमी की पुत्री रेवती इक्कीस हाथ लंबी थीं, जिसे बलभद्र ने अपने हल से खींचकर छोटी किया था। इनके संतान के नाम निषस्थ, उल्मुख और वत्सला थे। शक्ति का प्रतीक माने जाने वाले बलभद्र को एक आज्ञाकारी पुत्र, एक आदर्श भाई, एक अच्छा पति इन सभी रूप में मान्यता प्राप्त है। ये अपने शरीर पर नीला वस्त्र और हाथों में हल धारण करते हैं। इनके अस्त्र हल व गदा हैं। इनको नागराज अनंत का अवतार और कसिानों का देवता भी माना जाता है।

पौराणिक ग्रंथों में इन्हें अनेक उपाधियों से विभूषित करते हुए इनके पराक्रमों का विशद वर्णन किया गया है। बलवानों में श्रेष्ठ होने के कारण उन्हें बलभद्र भी कहा जाता है। बलराम बचपन से ही अत्यन्त गंभीर और शान्त थे। श्रीकृष्ण उनका विशेष सम्मान करते थे। बलराम भी श्रीकृष्ण की इच्छा का सदैव ध्यान रखते थे। यही कारण है कि ब्रजलीला में शंखचूड़ का वध करके श्रीकृष्ण ने उसका शिरोरत्न बलराम को उपहार स्वरूप प्रदान किया था। जरासन्ध को बलराम ही अपने योग्य प्रतिद्वन्द्वी जान पड़े। यदि श्रीकृष्ण ने मना न किया होता तो बलराम प्रथम आक्रमण में ही उसे यमलोक भेज देते। महाभारत युद्ध में बलराम तटस्थ होकर तीर्थयात्रा के लिये चले गये। ये गदायुद्ध में विशेष प्रवीण थे। इसी से कई बार इन्होंने जरासंध को पराजित किया था। दुर्योधन और भीमसेन इनके ही शिष्य थे। उन्होंने अपने अनुज श्रीकृष्ण के साथ बचपन में मथुरा के राजा कंस के पहलवान चाणूर और मुष्टिक में से मुष्टिक का वध किया था। उन्होंने कंस के दानव धेनुक का भी वध किया था। श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब (शांब के) द्वारा दुर्योधन की कन्या लक्ष्मणा का हरण किए जाते समय कौरव सेना द्वारा साम्ब को बंदी बना लिए जाने पर बलभद्र ने ही उन्हें छुड़ाया था। स्यमंतक मणि लाने के समय भी ये श्रीकृष्ण के साथ गए थे। यदुवंश के उपसंहार के बाद उन्होंने समुद्र तट पर आसन लगाकर अपनी लीला का संवरण किया। मृत्यु के समय इनके मुँह से एक बड़ा नाग निकला और प्रभास के समुद्र में प्रवेश कर गया था।

भारत के बहुसंख्यकों की मान्यतानुसार यदुवंश वंश में उत्पन्न बलराम श्रीकृष्ण के अग्रज और शेष के अवतार हैं। जैनियों के अनुसार उनका सम्बन्ध तीर्थंकर नेमिनाथ से है। पांचरात्र मत के अनुसार बलभद्र भगवान वासुदेव के व्यूह अथवा स्वरूप हैं। बलराम नारायणीयोपाख्यान में अंकित व्यूह सिद्धान्त के अनुसार विष्णु के चार रूपों में दूसरा रूप संकर्षण है। कंस के द्वारा देवकी-वसुदेव के छह पुत्रों को मार दिए जाने पर देवकी के गर्भ में भगवान बलराम पधारे। योगमाया ने उन्हें संकर्षित करके नन्द बाबा के यहाँ निवास कर रही रोहिणी के गर्भ में पहुँचा दिया। इसलिए उनका एक नाम संकर्षण पड़ा। संकर्षण के बाद कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न तथा पौत्र अनिरूद्ध का नाम आता है, जो क्रमशः मनस् एवं अहंकार के प्रतीक हैं। ये सभी देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इन सबके आधार पर चतुर्व्यूह सिद्धान्त की रचना हुई है। जगन्नाथ की त्रिमूर्ति में कृष्ण, सुभद्रा तथा बलराम तीनों साथ विराजमान हैं।

महाभारत और पौराणिक ग्रंथों में अंकित वर्णनों के अनुसार बलभद्र का जन्म विद्रुम वन में हुआ था। बलराम का जन्म यदूकुल में हुआ। कंस ने अपनी प्रिय बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वसुदेव से विधिपूर्वक और ससम्मान कराया। विवाहोपरान्त जब वसुदेव देवकी को विदा कराकर ले जाने लगे, तो उस समय कंस स्नेह पूर्वक उस दंपति का सारथी बनकर हाँक रहा था और अपनी बहन को वसुदेव के घर पहुंचाने जा रहा था। लेकिन उसी समय आकाशवाणी हुई कि जिसे वह पति के घर पहुंचाने जा रहा है, उसी देवकी- वसुदेव का अष्टम पुत्र उसकी मृत्यु का कारण बनेगा। यह सुन उस आशंका का तुरंत अंत करने के लिए कंस- देवकी का अंत करने के लिए तैयार हो गया।



5 सितम्बरः बलराम जयंती

वसुदेव ने कंस को शांत करने के लिए वचन दिया कि देवकी के गर्भ से जीतने भी पुत्र उत्पन्न होंगे, उनको वे स्वयं कंस को अर्पित कर देंगे। इस प्रकार देवकी की प्राण रक्षा तो हो गई। परंतु कंस ने अपनी बहन देवकी को पति वसुदेव सहित कारागार में बंदी बना लिया, और उनसे उत्पन्न छह पुत्रों को जन्म लेते ही मार दिया। सप्तम संतान गर्भ में ही नष्ट हो गई। सातवें पुत्र के रूप में शेष के अवतार बलभद्र थे, जिसे श्रीविष्णु ने योगमाया से देवकी के गर्भ से रोहिणी के गर्भ में स्थापित करा दिया। रोहिणी की यह संतान भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन उत्पन्न हुए बलराम थे। आठवें गर्भ में भगवान श्रीकृष्ण थे।

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन बलराम का जन्म होने के कारण इस दिन इनकी जयंती मनाई जाती है। इस तिथि को हल षष्ठी के रुप में मनाया जाता है। इस व्रत को बलराम जयन्ती, ललही छठ, बलदेव छठ, रंधन छठ, हलछठ, हरछठ व्रत, हल छठ, तिनछठी, तिन्नी छठ जैसे नामों से भी जाना जाता है। बलराम का अस्त्र हल था। इसीलिए इस षष्ठी को हल षष्ठी के नाम से भी पुकारा जाता है। हल षष्ठी के दिन पृथ्वी पूजन होता है। कृषक लोग कृषि कार्य में उपयोग में आने वाली कृषि यंत्रों, वस्तुओं का पूजन करते हैं। कृषि के मुख्य साधन खेत जोतने में बैल के साथ प्रयुक्त होने वाली हल की विशेष रूप से पूजन करते हैं। इस अवसर पर षष्ठी देवी की पूजा, बलराम, श्रीकृष्ण की पूजा, सूर्य उपासना करना अत्यंत शुभदायक माने जाने के कारण स्त्रियां अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करती हैं। अनुष्ठान करती हैं। मंदिरों में हवन करती हैं। इस व्रत को पुत्रवती स्त्रियां मुख्य रुप से करती हैं। संतान प्राप्ति के लिए भी इस व्रत को करना अत्यंत ही शुभदायक होता है।

हल षष्ठी के संबंध में एक कथा प्रचलित है, जिसके संबंध में मान्यता है कि हल षष्ठी के दिन व्रत करने के साथ-साथ इस हल षष्ठी कथा को पढ़ने और सुनने से व्रत का शुभ फल प्राप्त होता है। कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक नगर में घर-घर दूध-दही बेचकर अपना घर गृहस्थी चलाने वाली एक ग्वालन अपने पति के साथ सुखपूर्वक रहती थी। अपने पति के साथ सांसारिक सुख भोगते हुए गर्भवती होती है। प्रसव का समय नजदीक आने पर उसे पीड़ा होने लगी। लेकिन घर में उस दिन का दूध और दही बिक्री नहीं होने के कारण पड़ा हुआ था। इसलिए वह दूध- दही बेचने के लिए बर्तन उठा कर घर से निकल पड़ती है। लेकिन उसकी प्रसव पीड़ा इतनी बढ़ गई कि उसे मार्ग में ही खेत में संतान को जन्म देना पड़ा। प्रसवोपरांत अपनी संतान को कपड़े में लपेट कर वह वहीं रख देती है और सामान बेचने के लिए आगे निकल पड़ती है। संयोगवश उस दिन हल षष्ठी होती है। उस ग्वालन के पास गाय और भैंस दोनों का दूध होता है। गांव- घर में दूध-दही ले घूमने पर ग्राहकों ने कहा कि आज हल षष्ठी है, ऐसे में वे गो दुग्ध कैसे ले व सेवन कर सकते हैं? वह आज गए नहीं बल्कि भैंस का दूध ही लेंगे। यह सुन ग्वालन ने ग्राहकों को झूठ बोल दिया कि उसका दूध भैंस का ही है। झूठ बोल उसने सभी को दूध बेच दिया। दूध- दही बेच कर ग्वालन अपने बच्चे के पास खेत की ओर लौटती है, परंतु जहां उसने बच्चे को रखा था, उस स्थान पर किसान हल जोत रहा होता है। तभी हल की नोक शिशु पर लगने से उस नवजात बच्चे की मृत्यु हो जाती है। ग्वालन जब वहां पहुंच अपने मृत बच्चे को पाती है, तो विलाप करने लगती है और कहती है कि आखिर उसने ऐसा कौन सा पाप किया जिसके कारण उसके साथ ऐसा हुआ? तभी अचानक उसे याद आता है कि उसने आज झूठ बोल कर गाय के दूध को भैंस का दूध बता कर लोगों को बेच दिया और उनके धर्म को खराब किया। उनके विश्वास के साथ उसने धोखा किया, खिलवाड़ किया। यह समझ आते ही ग्वालिन तुरंत उठ कर उन सभी लोगों के पास जाती है जिनको उसने दूध बेचा होता है। वह सभी से हाथ जोड़ क्षमा मांगती है और उन्हें सच बता देती है। इसके बाद वह खेत में पहुंची तो उसका बच्चा उसे जीवित मिलता है। यह देख वह भगवान का धन्यवाद करती है और प्रतिवर्ष हल षष्ठी का व्रत करने का प्रण लेती है और अपने परिवार के साथ सुख पूर्वक रहती है।

# परम्पराओं को बंद करना हमारा लक्ष्य नहीं, समयानुसार आवश्यक बदलाव जरूरी प्रान्तीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा

**पुष्पाजंली टुडे**

बड़वानी/ हमारी पहचान,परंपरा एवं संस्कृति जिंदा रहे।परंपराओं को बंद करना हमारा लक्ष्य नहीं है। समय अनुसार आवश्यक बदलाव करना जरूरी है। ग्राम स्तर पर पंचो सहित समाजजनों के साथ बैठकों में विचार विमर्श के बाद जो सुझाव आएंगे उसी के अनुरूप बदलाव किया जाएगा। उक्त बात अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा ने अखिल भारतीय सिर्वी महासभा की प्रान्तीय बैठक में बदलाव पर चर्चा विषय पर प्राप्त सुझावों को सुनने के बाद अपने उद्बोधन में कही। रविवार को सिर्वी इन्टरनेशनल स्कूल करी बड़वानी में आयोजित बैठक का शुभारंभ आई माताजी का पूजन व सिर्वी स्कूल के विद्यार्थीयो की संगीतमय आरती के साथ हुआ। मंचासीन अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष सीए भगवान लछेटा, महासचिव कान्तिलाल गेहलोत, महिला संगठन प्रान्तीय अध्यक्ष अनिता चोयल, महासचिव डॉ जया मुकाती, बड़वानी जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी, महिला संगठन जिलाध्यक्ष कविता चौधरी, युवा संगठन जिलाध्यक्ष पवन काग, सिर्वी इंटरनेशनल स्कूल समिति के अध्यक्ष हरिराम राठौर का तिलक व स्कूली बालिकाओं द्वारा हस्त निर्मित पुष्प गुच्छ जिला उपाध्यक्ष केशव गहलोत, रामलाल पटेल, प्रेमचंद राठौर, बडवानी तहसील अध्यक्ष घमंडी जी राठौर, महासचिव दिनेश जी काग, अन्जड़ तहसील महासचिव अशोक राठौर, जिला व्यापारी सचिव सिर्वी साख सदस्य प्रकाश चौधरी, जिला युवा महासचिव अरविंद जी चौहान ने भेंट कर स्वागत किया। स्कूल की बालिकाओं ने सुस्वागतम गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। स्वागत भाषणबड़वानी जिला महासचिव गोविन्द भायल ने दिया। प्रान्तीय महासचिव कान्तिलाल गेहलोत ने बैठक के विषय रखते हुए कहा कि धर्म के प्रति हमारी आस्था प्रगाढ़ होना चाहिए।परिवार की खुशहाली व समृद्धि हेतु अपने घरों में पुरा परिवार माताजी की आरती एवं भोजन एक साथ करें। प्रान्तीय मीडिया प्रभारी हीरालाल सिर्वी ने शिक्षा एवं सहायता कोष का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर समाजजनों से आग्रह किया कि शिक्षा के इस हवन कुंड में अंशदान रुपी आहुति देकर निर्धन व असहाय बच्चों के जीवन में ज्ञान के प्रकाश का उजियारा फैलाए। सामाजिक जनगणना संयोजक शेखर भायल, मुकेश गेहलोत, अशोक जी राठौर ने जनगणना फार्म का विमोचन करवाते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। केन्द्रीय समिति सदस्यो सहित मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से सामाजिक बदलाव पर चर्चा पुस्तक का विमोचन किया गया।




आयोजित बैठक में धर्म एवं समाज सुधार प्रान्तीय सचिव गंगाराम चोयल ने सामाजिक बदलाव पर चर्चा के विषय रखते हुए आवश्यक बदलाव पर सुझाव देने की बात कही। सिर्वी इन्टरनेशनल स्कूल बड़वानी समिति अध्यक्ष हरिराम राठौर ने स्कूल प्रबंधन पर अपने विचार रखे। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहरलाल मुकाती व कैलाश मुकाती, ओमकारेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष केशरसिंह हामड़,केन्द्रीय समिति वरिष्ठ सदस्य शान्तिलाल जी काग,टीकमचंद पंवार, हीरालाल देवड़ा, गोपाल सोलंकी, भरतलाल परमार, प्रान्तीय उपाध्यक्ष कालुराम लछेटा,महेन्द्र परिहार, राधेश्याम पटेल, गिरधारीलाल हामड़, महिला संगठन प्रान्तीय अध्यक्ष अनिता चोयल, महासचिव डॉक्टर जया मुकाती,कोषाध्यक्ष मिश्री देवी चौधरी,उपाध्यक्ष सोनू बरफा, धार निमाड़ जिलाध्यक्ष ललिता पंवार, बड़वानी जिलाध्यक्ष कविता चौधरी सहित महासभा के खरगोन जिलाध्यक्ष हरिराम कोटवाल, बड़वानी जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी, धार निमाड़ जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, सरदारपुर क्षेत्र जिलाध्यक्ष डॉ मुन्नालाल भायल, बड़नगर बदनावर जिलाध्यक्ष रामेश्वर पड़ियार, इन्दौर जिला महासचिव अमित जी परिहार आदि पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। बड़वानी जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने बड़वानी जिले के लिए श्री आईजी परमार्थिक ट्रस्ट की जानकारी देकर ट्रस्टी बनने की समाजजनों से अपील की। जो समाज सेवी मंच पर नही आ पाए ऐसे अनेक सदस्यो ने सुझाव पेटी मे अपने सुझाव लिखकर दिए।बैठक में बड़वानी की वरिष्ठ महिला समाजसेवी रुपाबाई,संगठन जिला पदाधिकारी ममता काग, ममता चौधरी,कविता लछेटा, यशोदा परमार सहित केन्द्रीय समिति सदस्यगण,अखिल भारतीय सिर्वी महासभा के प्रांतीय पदाधिकारी, प्रदेश के विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारी प्रदेश प्रतिनिधि एवं महिला संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष, महासचिव, तहसील अध्यक्ष, महासचिव, मध्यप्रदेश के विभिन्न सामाजिक ट्रस्टो के पदाधिकारी, महासभा के सभी जिलाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, समस्त तहसील अध्यक्ष, महासचिव,युवा संगठन प्रदेश प्रतिनिधि,जिलाध्यक्ष, महासचिव एवं तहसील अध्यक्ष, महासचिव सहित सक्रिय समाजजनों ने भाग लिया। संचालन जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र लछेटा ने किया व आभार युवा संगठन जिलाध्यक्ष पवन काग ने माना। संगीतमय सामुहिक वन्दे मातरम् गीत के साथ बैठक का समापन हुआ। इस प्रांतीय बैठक की शानदार सुविधाजनक व्यवस्था जिला संगठन बड़वानी व सिर्वी इन्टरनेशनल बड़वानी, सिर्वी सहकारी साख संस्था बड़वानी ने की। बैठक के अन्त में राजस्थान के रहने वाले परिवार के सदस्यो की पूना में आकस्मिक अग्नि दुर्घटना में हुई मौत पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

# भारतीय जनता पार्टी पाली जिला कार्य समिति बैठक हुई आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे, संवाददाता।**
**नरेश कुमार सिरवी। पाली राजस्थान**

पालीराजस्थान। भारतीय जनता पार्टी पाली जिला कार्य समिति की बैठक आज किसान केसरी गार्डन में आयोजित की गई जिसमें बैठक जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार के अध्यक्षता में हुई जिसमें जिला संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद पीपी चौधरी विधायक ज्ञानचंद पारख सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत शोभा चौहान अविनाश गहलोत पूर्व विधायक मदन राठौड़ सजना आगरी केसाराम चौधरी प्रदेश कार्य समिति सदस्य मेघाराम परमार व महेंद्र बोहरा जिला महामंत्री व सयोजक सुनील भंडारी घीसुलाल मेघवाल पंकज त्रिवेदी नरपत सिंह राजपुरोहित मुकेश नाबरिया निशांत दवे हेमंत चौधरी खिमाराम चौधरी दिग्विजय सिंह राठौड़ कन्हैयालाल ओझा मनोहर कवर महेंद्र मेघवंशी गणपत मेघवाल पुनमसिह परमार रामकिशोर साबु तथा सभी विधानसभा संयोजक विधानसभा प्रभारी सभी मंडल अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि जिला बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत ने कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्रा 11 सितंबर 12 सितंबर को 2 दिन तक पाली जिले में रहेगी पाली जिले में प्रत्येक विधानसभा में हजारों की संख्या में बड़ी आमसभा हो तथा जगह-जगह पर स्वागत यात्रा का भव्य स्वागत कार्यक्रम तय किया गया सभी को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाए तथा परिवर्तन यात्रा में सरकार को पूरी तरीके से परिवर्तन कर दें सांसद पीपी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा निशान भारतीय जनता पार्टी का कमल का फूल तथा हमारा उम्मीदवार कमल का फूल है इसलिए हम कमल के फूल को निशाना मानकर कार्यकर्ता परिवर्तन संकल्प यात्रा की जोरदार जोश के साथ तैयारी करें ताकि इस भ्रष्टाचारी युवा विरोधी सरकार को परिवर्तन करना है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सरकार पूरी तरीके से असफल साबित हुई है सरकार में खुलेआम भ्रष्टाचार दलित आदिवासियों पर प्रतिदिन अत्याचार तुष्टिकरण की नीति पेपर लीक से युवाओं को परेशान किया जा रहा है हमारी बहन बेटियों का अपमान प्रतिदिन हो रहा है यह पूरी तरीके से असफल साबित हुई है अब सरकार को उखाड फेंकने का समय आ गया है उन्होंने नाकारा और निकम्मी सरकार उखाड़ फेंकने का समय आ गया है कार्यक्रम को पूर्व सांसद पुष्प जैन और सभी विधायकों ने भी संबोधित किया भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी।



# संस्कार माध्यमिक विद्यालय फालना में शिक्षक दिवस मनाया गया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी**

**पाली राजस्थान**



पाली फालना। संस्कार माध्यमिक विद्यालय फालना में शिक्षक दिवस मनाया गया।जिसमे विद्यालय के बच्चो द्वारा शिक्षको की भूमिका निभाई गई व पुरे दिन बच्चो द्वारा कक्षाओ का संचालन किया गया व बाद में अपने शिक्षकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शोभा राजपुरोहित की अध्यक्षता में शिक्षिका शोभा गोस्वामी, राजेश्वरी शर्मा के द्वारा माँ सरस्वती को दिप प्रज्वलित कर व डॉ.राधा कृष्णन सर्वपल्ली को याद कर उकी प्रतमा को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया जिसमे बच्चो ने अपने भाषणों में शिक्षक दिवस की महत्ता बताई साथ ही अपने गुरुजनो को पेन गुलाब का फूल व अपने हाथो से बने सुसज्जित कार्ड भेट किये व अपने गुरुजनो का सम्मान किया इसी दौरान बच्चो द्वारा नृत्य , भाषण ,कविताओं की प्रस्तुति दी गई व कार्यक्रम में शिक्षक - शिक्षिका सुश्री कविता राजपुरोहित , हिना जहूर , प्रकाश सिंह राजपुरोहित , संदीप सिंह राजपुरोहित, पुरण कँवर, मूमल कँवर का छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मान किया गया । अपने शिक्षक की भूमिका निभाने वाले छात्र-छात्रा प्रवीण सिंह,राकेश, तौकीर, सोनू , दिव्या , विधि , कायनात , अरबीना , डुशी , सीमा रहे व कविता प्रस्तुत करने वाली छात्रा आहाना अली, नृत्य प्रस्तुति असरा, इरम , अलवीरा , मनीषा , टिंकल ने किया मंच सञ्चालन प्रवीण सिंह ने किया।



# थाना देहात पुलिस द्वारा बीस हजार रूपये के तीन शातिर ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब, अवैध हथियार, स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी व ईनामी फरारी आरोपी, गुण्डा बदमाशों पर धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही जारी है, इसी तारतम्य में दिनांक 20/03/23 की रात्रि सीतानगर में व दिनांक 29/10/22 को आईटीआई रोड पर जान से मारने की नियत से गोली मारने वाले तथा विरधनपुरा की पुलिया के पास दिनांक 19/05/22 को गांजा की तस्करी करने वाले तीनों ईनामी बदमाश गिरफ्तार किये गये।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

1- दिनांक 20/03/23 को रात्रि 11 बजे अपने अन्य करीब एक दर्जन साथियों सहित फरियादी अभिलाख सिंह तोमर नि) सीतानगर भिण्ड के मकान पर ताबडतोड फायरिंग कर उसकी पत्नि को जान से मारने की नियत से गोली मार दी थी। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 10000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

2- दिनांक 29/10/22 को आरोपी ने अपने भाई व मित्र के साथ मिलकर आईटीआडू रोड पर फरियादी के भाई को जान से गोली मारकर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। जिसे गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कटटा बरामद किया गया।

3-दिनांक 19/05/22 को अपने अन्य दो साथियों के साथ बिरधनपुरा की पुलिया के पास गांजा की खेप ले जाते हुये पकडा गया था जिसे उसके दोनों साथ पुलिस द्वारा पकड़ लिये गये थे तथा स्वयं भाग गया था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह,रविन्द्र मांझी, अजय यादव,लक्ष्मण किशोर गुबरेले, प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र सिंह, सुमित तोमर, सतेन्द्र शर्मा,आरक्षक प्रदीप यादव,रवि यादव,मदन गोपाल, सन्दीप राजावत,ओमप्रकाश यादव, प्रदीप भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पत्नी की मदद से महिला से बलात्कार करने वाले को पत्नी समेत पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेला

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



सतना - सतना जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के मौदहा ग्राम में रिस्ते के जेठ द्वारा अपनी पत्नी की ही मदद से महिला की अस्मात लूटने के मामले पर पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को उसकी पत्नी समेत गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुचा दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के मौदहा ग्राम निवासी 30 वर्षीय महिला ने अपने पति के साथ थाना पहुच आरोपी ललित अग्निहोत्री एवं उसकी पत्नी सुरेखा के विरुद्ध लिखित शिकायती आवेदन देकर बताया कि बीते 04 माह पूर्व रिस्ते के लगने वाले जेठ आरोपी ललित ने अपनी पत्नी सुरेखा कि मदद से उसे अपने घर बुलवाया और फिर दरवाजा बंद कर अपनी पत्नी की मदद से उसके साथ जबरन दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो वीडियो भी तैयार कर लिए और उन फोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर चुप करवा दिया और दबाव बनाकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा आरोपी के उक्त कृत्य से तंग आकर जब पीडिता द्वारा सम्बन्ध बनाने से इंकार किया गया तो आरोपी ने बीते 02 सितंबर को फोटो वायरल कर दिया तो पीडिता ने अपने पति सहेंद्र को पूरी घटना की जानकारी दी और थाना पहुच आरोपी ललित एवं उसकी पत्नी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने शिकायत दर्ज कराई। मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिए जाने के उपरांत पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी एवं उसकी पत्नी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 179/23 धारा 376 (2ह) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम करते हुए दोनों आरोपियों को मौदहा ग्राम से घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार पीडिता एवं आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराए जाने के उपरांत आरोपी ललित अग्निहोत्री एवं उसकी पत्नी सुरेखा को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। जब से सभापुर थाना में थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी चार्ज लिए है लगातार आरोपियों पर कर रहे हैं कार्रवाई एवं आसामाजिक तत्वों पर डर का माहौल। उक्त कार्यवाही में सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी,उप निरीक्षक अजय शुक्ला,प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग,आशीष तिवारी,आरक्षक शहंशाह खान एवं महिला आरक्षक आरती सिंह गहरवार की सराहनीय भूमिका रही।

# राजीव पूनियाँ शिक्षक दिवस पर सम्मानित

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी**





जवाली पाली - पाली में आयोजित जिला एवम् ब्लॉक स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मादड़ी, पाली के कार्यवाहक संस्था प्रधान श्री राजीव पूनियां को उनके द्वारा विद्यालय में किए गए नवाचारों, जनसहयोग द्वारा विद्यालय में मुख्य द्वार निर्माण, चारों ओर की चारदीवारी को ऊंचा करके रंगरोगन का कार्य, ट्री गार्ड सहित 101 पौधारोपण, समतलीकरण, सभी कक्षा कक्षों में बिजली फिटिंग एवम् पंखे लगवाना, पूरे विद्यालय में पानी फिटिंग, पीने के पानी का टांका निर्माण, छात्र छात्राओं के शौचालय मूत्रालय में टाइल्स फिटिंग एवम् रंगरोगन, भामाशाहों के सहयोग से ही सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपी, रजिस्टर, बैग एवम् अन्य स्टेशनरी सामग्री की व्यवस्था करवाई गई, विद्यालय प्रांगण में ही किचन गार्डन एवम् हरा बगीचा तैयार किया जा रहा है। स्थानीय विधायक कोष से विद्यालय परिसर में सी सी ब्लॉक लगवाने का कार्य करवाया गया। संस्था प्रधान श्री राजीव पूनियाँ को मिले इस सम्मान से समस्त ग्रामवासियों मे खुशी का माहौल है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के कार्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# भिण्ड में विवाहिता की मौत का मामला:भाई का आरोप जीजा गर्लफ्रैंड के चक्कर मे बहन को करता था प्रताड़ित

भिण्ड। भिंड शहर की मीरा कॉलोनी में रविवार की शाम लगभग 35 वर्षीय विवाहिता ने फंदे पर झूलती मिली है।तो वहीँ महिला ने पति उसके परिवारजनों से प्रताड़ित होकर सुसाइड की है या फिर एक साजिश के तहत ससुराल वालो ने प्लानिंग के तहत मारा है यह अभी नही कहा जा सकता।लेकिन महिला की सुसाइड का कारण उसके पति द्वारा प्रताड़ति किए जाने का आरोप लगाए जा रहे हैं।कोतवाली पुलिस ने सोमवार की सुबह शव का पीएम कराकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।वहीं महिला के मायके पक्ष ने मृतिका के पति पर गर्लफेंड के चक्कर में प्रताड़ति किए जाने का आरोप लगाया है।दरअसल रविवार की शाम मीरा नगर में रहने वाली मीना पत्नी नीतेश गुप्ता का शव घर के कमरे में झूलता मिला।रविवार की शाम को जब ससुरालियों ने मीना को फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देखा तो उन्होंने सीधे रस्सी से उतारा।जिसके कुछ समय बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लगभग रात 08~10 मिनट पर ससुरालजन मीना गुप्ता का शव जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और मृतिका के शव को मायके पक्ष के आ जाने से पहले ही स्थानीय पुलिस के साथ पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया।इस बात की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को चिकित्सकों को दी।जिसके बाद सोमवार की सुबह 11 बजे पुलिस ने शव का पीएम कराया और मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी।

**ससुराल वालों ने मायके पक्ष को नही दी थी कोई सूचना**-मृतिका मीना गुप्ता के भाई सुनील गुप्ता व परिवारजनों के अनुसार मीना के ससुराल पक्ष की तरफ से किसी ने भी मायके पक्ष को सूचना नही दी कि इतना बड़ा हादसा हो गया।बल्कि मीना फाँसी के फंदे पर झूल रही है इस बात की सूचना मीना की जेठानी की बेटी कु.मुस्कान गुप्ता ने मीना की बेटी कु.काजल के कहने पर मामा को दी।जिसके बाद सूचना मिलते ही मायके वाले लगभग रात 8 बजे भिंड पहुंचे।

**रविवार की ही सुबह मीना ने भाई को किया रहा ड़ोन की मुझे ले जाओ वरना आज यह मुझे मार डालेंगे**-मृतिका के भाई सुनील गुप्ता ने बताया कि बहिन मीना गुप्ता ने रविवार की सुबह 07~45 पर बड़े भाई नरेंद्र गुप्ता को कॉल किया और कहा कि भैया आज इनको मोबाइल दे दो वरना यह हमें मार डालेंगे।जिसके बाद मृतिका कर भाई ने बहनोई की माँ को कॉल कर बहिन को मायके लेकर आने की बात कही तो उन्होंने मना करते हुए कहा कि हम लोग अभी घर पर नही हैं तो तुम सोमवार को आकर ले जाना।तब भाई सुनील गुप्ता ने कहा कि ठीक है हम कल आ जाएंगे लेने लेकिन आप बहनोई नीतेश गुप्ता से फोन कर बोल दो की अभी परेशान नही करें हम कल ले जाएंगे।



**बहन ने जीजा को पकड़ा था गर्लफ्रेंड साथ**-मृतिका के भाई सुनील गुप्ता ने बताया कि मीना की शादी करीब 16-17 साल पहले हुई थी।मीना का पति नीतेश गुप्ता का अफेयर कुछ समय एक लड़की से चल रहा है।करीब ढाई महीने पहले मीना व उसके ससुराल की महिला ने नीतेश व उसकी गर्लफेंड को एक साथ मोहल्ले में ही पकड़ लिया था।इसके कुछ दिन बाद बहिन को पति नीतेश के द्वारा गर्लफ्रैंड को मोबाइल देने की बात मीना को पता चली तो मीना समेत उसकी देवरानी व जेठानी ने गर्लफ्रेंड का मोबाइल छीन लिया था।जिसमें दोनों के बातचीत के साक्ष्य थे।जिसके बाद मीना ने घर आकर मोबाइल छुपा दिया।उसके बाद पति नीतेश ने मीना के साथ एक दो दिन मारपीट के मोबाइल मांगने की बात कही।जिसके बाद पीड़ित मीना ने नीतेश की गर्लफ्रैंड वाला मामला फोन पर अपने भाई को बताया और उसके बाद उसके भाई समेत परिवाजन भिंड पहुंचे।जहां पर नीतेश को उसके परिवाजनों के समक्ष बैठकर समझाया कि इस तरह के गलत काम मत किया कीजिये और न ही मीना के साथ मारपीट कीजिये अन्यथा हमे थाने की शरण लेनी पड़ेगी।जिसके बाद नीतेश गुप्ता ने अपनी सहमति जताई और भिंड स्तिथ कचहरी पहुंचकर नीतेश गुप्ता( बहनोई )व मायके पक्ष ने स्टाम्प पर एक एफिडेविट तैयार कराया जिसपर अब पत्नी मीना के साथ भविष्य में कभी भी प्रताड़ना या मारपीट न करने की बात कबूली और उसे अच्छे से रखने की बाद कही थी।वहीं इसके बाद मायके पक्ष के परिजनों ने मीना गुप्ता को साथ ले जाकर एक शिकायत भिण्ड महिला थाने में दर्ज कराई।जिसमे मीना के साथ लगातार पति नीतेश द्वारा मारपीट करने की बाद कही।मृतिका के भाई के अनुसार उस समय महिला थाने ने 2-3 दिवस में कार्यवाही का आश्वासन दिया परंतु आज तक उस पर कोई कार्यवाही नही की गई।मीना के भाई सुनील गुप्ता ने बताया कि बहनोई नीतेश,गर्लफेंड के चक्कर में लगातार मीना को प्रताड़ति करता आ रहा था।

**मीना की बॉडी पर दिखे मारपीट के निशान,मायके वाले बोले पति नीतेश व ससुराल वालों ने मार डाला**-मृतिका मीना के भाई सुनील गुप्ता ने बताया की पोस्टमार्टम से पहले पुलिस ने मेरे परिवारजनों सहित को बहिन मीना गुप्ता की बॉडी दिखाई थी।जिसमे उसके हाथ पैर व कंधे के नीचे चोट जैसे निशान व खून के धब्बे दिख रहे थे।वहीं उन्होंने कहा कि उसके कान से भी खून निकला हुआ था।परिवारजनों ने ऐसी हालत देखकर मृतिका की षड्यंत्र पूर्ण हत्या की आंशका जताई है।

## सार समाचार

### शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



गोहद भिण्ड। आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद जिला भिंड में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पलक शिक्षक संघ के पदाधिकारी पलक माताएं एवं अभिभावक विद्यालय परिवार के सदस्य गोहद नगर के गणमान्य जन्म अधिकारी गण खंड शिक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र सिंह तोमर खंड स्त्रोत समन्वयक गोहद श्री नरेंद्र सिंह भदोरिया अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह जी आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एटा के अधिवक्ताओं ने यूपी गृह सचिव, डीजीपी का पुतला फूंका

#### मांगें नहीं मानी तो जारी रहेगा आंदोलन: गिरीश चंद्र शर्मा

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे



एटा बार एशोसिएशन के सभागार में बार के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया है कि हापुड़ में पीड़ित अधिवक्ताओ को न्याय न मिलने तक हड़ताल जारी रहेगी और उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री,डीजीपी का कचहरी चौराहे पर पुतला जलाते हुए विरोध दर्ज किया।और हापुड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस अवसर पर भर के महासचिव गिरीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि जब तक हमारी मांगे नही मानी जायेगी तो ये संघर्ष जारी रहेगा, हापुड़ के जिलाधिकारी, एसएसपी को हटाने की मुख्यमंत्री से मांग की।बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सिकरबार ने कहा कि पुलिस की गुंडागर्दी हम किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जाएगी।देवेन्द्र पांडेएडवोकेट ने कहा कि धरना प्रदर्शन अनशन वीरों का काम है। इस अवसर पर अधिवक्ताओ में बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिकरबार, महासचिव गिरीश शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यय उदयराज सिंह सोलंकी, उपाध्यय रमेश राजपूत, जगह वाष्णेय, के0पी0सिंह, रवि कुमार, पंकज कुमार, देवेंद्र कुमार लोधी, सूर्य प्रताप सिंह, संतीश, अनुज उपाध्याय,लोकेंद्र सिंह, अनुज कुमार, देवेन्द्र पांडेय,नरेंद्र कुमार, ललित पचौरी, मनवीर सिंह,नैना शर्मा, सरिता कुमारी आदि सेकड़ो अधिवक्ता आंदोलन में मौजूद रहे।

# श्रीलंका को हराने के इराद से उतरेगा अफगानिस्तान



**लाहौर** ■ अफगानिस्तान को एशिया कप सुपर फोर की दौड़ में अपना दावा पुख्ता करने के लिये श्रीलंका के खिलाफ गेंदबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। उसे ग्रुप बी में शीर्ष दो में रहने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। रविवार की रात को मिली हार के बाद अफगानिस्तान का रनरेट नेगेटिव में है जबकि पहले मैच में बांग्लादेश को हराने वाली श्रीलंका का रनरेट पॉजिटिव 0.951 है।

अफगानिस्तान के खिलाफ 300 से अधिक रन बनाने के बाद बांग्लादेश का रनरेट काफी बेहतर है और उसका सुपर फोर में जाना लगभग तय है। गद्दाफी स्टेडियम पर यह दूसरा मैच है और इसमें भी रनों का अंबार लगने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों के अभाव में अफगानिस्तान की गेंदबाजी का दारोमदार स्पिनर राशिद खान और मुजीब जदरान पर है। राशिद को एक भी विकेट नहीं मिल सका और उनकी टीम को श्रीलंका के खिलाफ उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।


अफगानिस्तान की फील्डिंग में भी काफी सुधार की जरूरत है। उनके लिये हालांकि सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान का फॉर्म अच्छा संकेत है। दूसरी ओर श्रीलंका को उम्मीद होगी कि बांग्लादेश के खिलाफ नाकाम रहा उनका शीर्षक्रम तेजी से रन बनाये। तीन चोटिल तेज गेंदबाजों की गैर मौजूदगी में युवा मथीषा पथिराना ने पहले मैच में चार विकेट लिये और एक बार फिर उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ नयी गेंद संभालने वाले पथिराना को फिर यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।


अफगान कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने रविवार की हार के बाद कहा था, हमें सभी विभागों में सुधार करना होगा। हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं थी और ना ही क्षेत्ररक्षण। लाहौर हमारे देश के पास है लिहाजा हमारे प्रशंसक इसका इंतजार कर रहे होंगे। उम्मीद है कि वे अगले मैच में हमारी हौसलाअफजाई के लिये आयेंगे।

अफगानिस्तानः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, इकराम अलीखिल, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, रियाज हसन, गुलबदीन नायब, करीम जनत, मोहम्मद नबी, रहमत शाह, राशिद खान, शराफुद्दीन अशरफ, अब्दुल रहमान, फजलहक फारूकी, मोहम्मद सलीम, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद। श्रीलंकाः दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, दिमुथ करूणारत्ने, कुसाल परेरा, कुसाल मेंडिस (उप कप्तान), चरिथ असालंका, धनंजय डि सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा, महीश तीक्ष्णा, दुनिथ वेलांगे, मथीषा पथिराना, कासुन रजीता, दुशान हेमंता, बिनुरा फर्नांडो, प्रमोद मदुशान।

## शासकीय उमाधमिक विद्यालय सहसराम में कर रहे मनमानी

पुष्पांजली टुडे न्यूज





प्रभारी प्रचार्य श्री जगदीश वर्मा का है अनोखा खेल एक ही कक्षा के छात्रों से वसूल रहे हैं अलग-अलग फीस ऐसे दो मामले हमारे संज्ञान में आए हैं पहला है कक्षा 9 की छात्रा करीना आदिवासी पुत्री श्रीपति आदिवासी जिनसे श्री जगदीश वर्मा जी ने प्रवेश फीस के नाम पर 1130 रुपए वसूले है जबकि छात्रा अनुसूचित जनजाति वर्ग से आती है शासन के नियमानुसार छात्रा की नामांकन शुल्क 350 रुपए लगनी चाहिए और इसके पास संबल कार्ड भी है दूसरा मामला कक्षा 9 के ही छात्र शिवराज यादव पुत्र बाईसराम यादव का है जिनसे श्री जगदीश वर्मा ने प्रवेश फीस के नाम परड़1500 की वसूली की है जबकि उक्त छात्रा के पास भी संबल कार्ड है और भी ऐसे कई छात्र-छात्रा हैं जिनसे श्री जगदीश वर्मा ने 2000 तक फीस वसूली हैं हम स्कूल में इसके नाम पर ठगी की जा रही हैं।

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें चीन ओपन पर

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के एनजी जी योंग के खिलाफ करेंगे।





**चांग्झू** ■ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद एचएस प्रणय मंगलवार से यहां से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन के साथ भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इस महीने शुरू होने वाले एशियाई खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता से जरिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने एशियाई खेलों पर ध्यान लगाने के लिए अंतिम लम्हों में टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया जिससे महिला एकल में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं दिखेगी।

पिछले एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली सिंधू को पहले दौर में कोरिया की किम गा युन से भिड़ना था। केरल के प्रणय ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के दौरान दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को भी हराया।

विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी विश्व रैंकिंग हासिल करने वाले प्रणय अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के एनजी जी योंग के खिलाफ करेंगे।

प्रणय को प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ना पड़ सकता है। यह भारतीय खिलाड़ी अब तक हुए दो मुकाबलों में इस तीसरे वरीय खिलाड़ी को नहीं हरा पाया है।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर प्रणय को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ खेलना पड़ सकता है जबकि इस मुकाबले को जीतने पर वह एक बार फिर शीर्ष वरीय एक्सेलसन से भिड़ सकते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन की कड़ी चुनौती का सामना करना है। उन्हें प्री क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर में सातवें वरीय लोह कीन यूव और क्वार्टर फाइनल में एक्सेलसन के खिलाफ खेलना पड़ सकता है। पुरुष एकल में ही प्रियांशु राजावत पहले दौर में इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो के खिलाफ उतरेंगे।

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने की निराशा को दूर करने के इरादे से उतरेंगे। यह दूसरी वरीय भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहीबुल फिकरी और बगास मोलाना की जोड़ी के खिलाफ करेगी।

एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला केइचिरो मात्सुई और योशिनोरी तोकेयुची के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को पहले ही दौर में चेन किंग चेन और जिया यी फेन की चीन की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ उतरना है। विश्व चैंपियनशिप में त्रीशा और गायत्री को चीन की इसी जोड़ी ने हराया था।

## क्योटी जलप्रपात में मिला महिला का निर्वस्त्र शव, शिनाख्त नहीं

अनिल सोनकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा



**रीवा (ब्यूरो शिवम तिवारी)।** जिले के क्योटी जलप्रपात में एक महिला का निर्वस्त्र शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस की मानें तो गत 3 सितंबर की दोपहर क्योटी गांव के कई मछुआरे वाटरफॉल के नीचे मछली मारने गए थे। मछली पकड़ते समय अचानक बदबू आई। पास गए अज्ञात महिला की निर्वस्त्र लाश थी। डर के मारे शाम को कुंड से बाहर आ गए। इसके बाद गड़ थाना और लालगांव चौकी पुलिस को सूचना दी।वाटरफॉल के अंदर लाश की बात सुन एसडीईआरएफ के जवान जिला मुख्यालय से बुला लिए गए। लाश देखने वाले मछुआरा आया। उसने जो घटनास्थल बताया तो वह सिरमौर थाना क्षेत्र का निकला है। ऐसे में सिरमौर पुलिस आई। यह करते दोपहर हो गई। तीन बजे संयुक्त टीम 400 फीट गहराई में उतरी। वहां से लाश को बरामद कर शाम 5 बजे ऊपर आई है। सिरमौर थाना प्रभारी निरीक्षक तेजभान सिंह ने बताया कि क्योटी फॉल के मंदिर के दूसरे तरफ कुंड के नीचे 35-40 साल के महिला की निर्वस्त्र लाश मिली है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 10 दिनों पहले तक जलप्रपात में पानी आ रहा था। तब लाश कहीं से बहकर आई होगी। पानी के अंदर जीव जंतु कपड़े फाड़कर मुंह खा लिए हैं। लाश डीकंपोज हो चुकी है। आसपास के थानों को सूचना भेजवाई है।

**इनका कहना है**-शव की शिनाख्त नहीं हुई है हम प्रयास करें कि शव की शिनाख्त हो जाए मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

यूएस ओपन

# स्वियातेक उलटफेर की शिकार, ओस्टापेंको ने दी मात



**न्यूयॉर्क** ■ यूएस ओपन में लातविया की जेलेना ओस्टापेंको ने चौथे दौर में 3-6, 6-3, 6-1 की जीत के साथ विश्व नंबर-1 इगा स्वियातेक को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। यूएस ओपन में एक बड़ा उलटफेर हुआ है। विश्व की नंबर.1 महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक को हार का सामना करना पड़ा।

इस हार के साथ ही वो टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता जेलेना ओस्टापेंको ने उन्हें 6-3, 3-6, 1-6 से हराया। रविवार को स्वियातेक की हार का मतलब है कि वर्ल्ड नंबर.2 आर्यना सबालेंका रैंकिंग में आगे निकल जाएंगी और यूएस ओपन के बाद नंबर 1 रैंकिंग पर अपना कब्जा जमाएंगी।

स्वियातेक लगातार 75 हफ्तों तक शीर्ष पर रहीं, जो डब्ल्यूटीए टूर के इतिहास में पहली बार तीसरी सबसे लंबी स्ट्रीक है। अपने पहले यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में ओस्टापेंको का अगला मुकाबला नंबर 6 कोको गॉफ से होगा।

दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और बढ़त बना ली। 5-3 के स्कोर पर जेलेना ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन स्वियातेक ने आसानी से पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना लय में लौटीं और दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना का आत्मविश्वास लौटा और स्वियातेक को हार का डर सताने लगा। इसका फायदा उठाकर जेलेना ने आखिरी सेट 6-1 से जीता और मैच भी अपने नाम कर अंतिम-8 में जगह बना ली। इससे पहले दिन में गॉफ ने 33 वर्षीय डेन वाइल्डकार्ड केरोलिन वोज्नियाकी को 6-3, 3-6, 6-1 से हराया और सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन में लगातार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गई।

## गांजा की तस्करी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार: पुलिस थाना गुढ ने किया 10 किलो गांजा बरामद, मोबाइल जब्त

(रीवा ब्यूरो शिवम तिवारी)

नाम आरोपी, रामपाल पिता चेतू साकेत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम इटारा

अपराधिक रिकॉर्ड

1)अपराध क्रमांक 364 /13 धारा 188 आईपीसी पुलिस थाना मनगवां रीवा

2) 0/14 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामानुगंज जिला अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)

जब्त सुदा मश्रुका -10 किलोग्राम नमी युक्त गांजा कीमती एक लाख रुपये

एक कीपैड मोबाइल 5000

**विवरण**-श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह जिला रीवा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से मादक पदार्थ कि तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देश पूर्व से दिए गए हैं जिसके तारतम्य मैं पुलिस थाना गुढ द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अनिल सोनकर तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय श्री हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना दिनांक 5 सितंबर 2023 को ग्राम इटार पहाड़ पंचायत ग्राम करझरिया रोड से घेराबंदी कर रामपाल पिता चेतू साकेत उम्र 40 वर्ष के कब्जे से एक झोले में 10 किलो गांजा जप्त किया पुलिस द्वारा मौके की कार्रवाई कर अपराध क्रमांक 341/23 धारा 8/20 क्क एनडीपीएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**विशेष भूमिका**-निरीक्षक विकास कपीस, सउनि तीरथ सिंह, आरक्षक अंकित दुबे ,आरक्षक अतुल पांडेय, आरक्षक सुभाष साइबर सेल।

# देवतालाब महाविद्यालय विश्वविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय बनेगा

## विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

रीवा (सम्भागीय ब्यूरो)। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने देवतालाब के सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवतालाब में एक दशक पूर्व छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोई भी महाविद्यालय नही था। यहां के छात्रों को हायर सेकेण्डरी के पश्चात उच्च शिक्षा के लिए बाहर मऊगंज या रीवा के महाविद्यालयों में अध्ययन करने जाना पड़ता था। छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करना तो किसी सपने से कम नहीं था या तो वे देवतालाब से बाहर मऊगंज या रीवा जाकर महाविद्यालयों में प्रवेश लें या फिर हायर सेकेण्डरी के पश्चात बीच में ही शिक्षा रोककर घर में बैठ जाती थीं। उनकी इन मजबूरियों को समाजसेवी शिवपूजन शुक्ला ने समझा और मुझसे महाविद्यालय प्रारंभ कराने के लिए कहा। देवतालाब में छात्राओं की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की उनकी मनोदशा को समझते हुए मुख्यमंत्री जी से देवतालाब में महाविद्यालय प्रारंभ कराने की मांग रखी। मुख्यमंत्री जी ने शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिकता देते हुए 2010 में महाविद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृत दी। प्रारंभ में महाविद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल में लगता था। इसके बाद भवन की स्वीकृत प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की शिक्षा के प्रति इतना समर्पण था कि मुख्यमंत्री जी के देवतालाब में भ्रमण के दौरान छात्राओं ने स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग रखी। इसके पश्चात 50 छात्राओं ने विधानसभा भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री जी से मिलने पर स्नोत्तकोत्तर महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए कहा। छात्र-छात्राओं का यह सपना साकार हो गया है। अब इस महाविद्यालय में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषय सहित 9 विषयों के स्नात्तकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति छात्राओं की रूचि इसी बात से झलकती है कि महाविद्यालय में 60 प्रतिशत छात्राएं एवं 40 प्रतिशत छात्रों ने प्रवेश लिया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रारंभ होने के समय केवल 50 छात्रों ने ही प्रवेश लिया था आज इनकी संख्या बढ़कर 1200 हो गयी है। शीघ्र ही इस महाविद्यालय में 2 हजार छात्र अध्ययन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय को सर्वसुविधायुक्त बनाया जायेगा। शीघ्र ही दूसरी एवं तीसरी मंजिल का निर्माण कर स्नात्तकोत्तर के छात्रों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेरी मंशा है कि इस महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की प्रवीण्य सूची में छात्र-छात्राओं का नाम हो। उन्होंने कहा कि इसी लिए इस महाविद्यालय का नाम देश को एक सूत्र में बांधने वाले गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल का नाम रखा गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शिक्षा के साथ समस्त विषयों के शिक्षक अध्ययन करायेगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के चित्र एवं सरस्वती माता के चित्र में माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य हरिनारायण गौतम ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान किया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में आयोजित विधायक कप 2023 के कबड़डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र सिंह चंदेल, दिलीप सिंह, शरद मिश्रा, अवधेश मिश्रा, शिवपूजन शुक्ला, संजय सोनी, मन्नूलाल गुप्ता, रामनरेश निष्ठुर, जनसंपर्क सहायक पुष्पेन्द्र गौतम सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# करीना की गोद में गिरती-गिरती बची कियारा



अभिनेत्री कियारा आडवाणी का एक कार्यक्रम के दौरान लड़खड़ाकर गिरते-गिरते बचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह करीना कपूर खान की गोद में गिरने ही वाली थी कि अर्जुन कपूर ने उन्हें हाथ देकर संभाल लिया। क्लिप में ऐसा लग रहा था कि मंच पर अर्जुन कपूर का अभिवादन करने के बाद कियारा लगभग अपना संतुलन खो बैठी थी।

वीडियो में करीना सोफे पर बैठी नजर आ रही हैं, जबकि कियारा उनके ठीक सामने खड़ी नजर आ रही हैं। अर्जुन कियारा की मदद के लिए आगे बढ़े और उनका हाथ पकड़ लिया। एक फैन ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हम एक और कियारा-करीना मूवी चाहते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने अर्जुन के हावभाव और कियारा द्वारा उसे लगभग गिरने को खूबसूरती से संभालने के बारे में टिप्पणी की। एक ने लिखा, कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है कि अर्जुन को अनावश्यक नफरत मिलती है! एक अन्य ने कहा, उसने कितनी खूबसूरती से संभाला।

अर्जुन कपूर 'द लेडीकिलर' में नजर आएंगे। 'सत्यप्रेम की कथा' की सफलता के बाद कियारा के पास तेलुगु फिल्म 'गेम चेंजर' है। करीना सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित एक क्राइम-थ्रिलर 'जाने जान' के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। 'जाने जान' 21 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# एक्ट्रेस कृति सेनन का खुलासा

मुंबई, बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलासा किया है कि कैसे उन्हें दिसंबर 2020 में दोबारा कोविड-19 हो गया था। कृति सेनन ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है, जिसे उन्होंने आलिया भट्ट के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस कृति सेनन ने बताया कि जो लोग उनके करीब हैं वह उनके साथ भोजन करने में सहज महसूस करती हैं, यही कारण की उन्हें कोरोना हो गया था। एक्ट्रेस ने कर्ली टेल्स को बताया कि वह भोजन साझा करने और एक ही कटलरी से खाने को लेकर बहुत नखरेबाज़ नहीं हैं।

एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा, मैं उन लोगों के साथ जूठा खा सकती हूं, जिन्हें मैं जानती हूं और जिनके मैं बहुत करीब हूं। इसी तरह मुझे कोरोना हुआ था।कृति को दिसंबर 2020 में कोविड-19 का पता चला था। उस समय, एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से कोरोना संक्रमित होने की जानकारी साझा की थी। एक्ट्रेस कृति सेनन ने लिखा था, "मैं सभी को बताना चाहती हूं कि मेरा कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि मैं ठीक महसूस कर रही हूं। बीएमसी और अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार मैंने खुद को क्वारंटाइन कर लिया है।मैं जल्दी ही कोरोना पर काबू पा लूंगी और फिर जल्द ही दोबारा काम शुरू कर सकूंगी।

कृति सेनन ने हाल ही में फिल्म 'मिमी' में अपने काम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, जो सरोगेसी के विषय पर आधारित थी। उन्होंने यह पुरस्कार आलिया भट्ट के साथ साझा किया, जिन्हें संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में उनके काम के लिए सम्मानित किया गया था।

# गदर 2 ने 500 करोड़ की कमाई की



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 ने 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। गदर 2' ने पहले सप्ताह में 284 करोड़ की कमाई की थी। गदर 2 एक-एक कर कई रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है।इस फिल्म ने 24 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। शाहरुख खान की पठान ने 28 दिनों में 500 करोड़ की कमाई की थी।

# फिल्म फुकरे 3 का पोस्टर रिलीज



वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का पोस्टर रिलीज हो गया है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म फुकरे 3 में चूचा का किरदार निभाने वाले वरुण शर्मा ने फुकरे 3 की पूरी कास्ट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वरुण शर्मा जहां पोस्टर में मोर बने हुए नजर आ रहे हैं, वहीं हनी उर्फ पुलकित सम्राट लटके हुए दिखाई दे रहे हैं। पंडित जी का किरदार निभाने वाले पंकज त्रिपाठी आंखों पर गॉगल्स चढ़ाए सड़क के बीचों-बीच बैठे हुए हैं।

# महेश भट्ट, विक्रम भट्ट संग काम करेंगे वर्धन पुरी

एक्टर वर्धन पुरी, जिन्होंने 2019 में 'ये साली आशिकी' से अपनी शुरुआत की, ने अपनी अगली फिल्म के लिए विक्रम भट्ट और महेश भट्ट के साथ सहयोग करने की पुष्टि की है, जिसका फिलहाल कोई टाइटल नहीं है। विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म को महेश भट्ट ने लिखा है। अभिनेता ने कहा कि वे तीनों लंबे समय से इस कोलेबोरेशन की प्लानिंग कर रहे थे। महेश भट्ट के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए अभिनेता ने कहा, ३दिलचस्प बात यह है कि जब मैं पहली बार 2015 में महेश भट्ट साहब से मिला था, तो उन्होंने मुझसे कहा था कि हम भविष्य में साथ काम करेंगे, और उनकी बातें सच हो रही है।

उन्होंने कहा कि फिल्म मूलतः एक प्रेम कहानी है लेकिन इसे विक्रम के डरावने तत्वों से भी सजाया गया है। मैं ऐसे शानदार फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के लिए भाग्यशाली हूं। व्यावसायिकता और यथार्थवाद के बीच अच्छे संतुलन के कारण मुझे स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। फिल्म की शूटिंग फिलहाल चल रही है और अभिनेता इन दोनों निर्माताओं के साथ अपना अधिकांश समय बिता रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, विक्रम सर के अनुभवी दिमाग द्वारा निर्देशित होना हर दिन अभिनय स्कूल जाने जैसा है। वह एक अत्यधिक रचनात्मक सिनेप्रेमी हैं, जो



अपनी कला के प्रति जुनूनी हैं। मुझे उनमें जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह है उनका दयालु और प्यार भरा स्वभाव, जो सेट पर किसी को भी सुरक्षित महसूस कराता है। उन्हें अपने कलाकारों से इतना प्यार है कि वे उन्हें अपना 500% देना चाहते हैं।

अभिनेता ने कहा, इस फिल्म पर मेरे अब तक के अनुभव के बारे में एक शानदार बात यह है कि महेश भट्ट साहब हमारे सेट पर हमारे साथ इतना समय बिता रहे हैं। वह सिनेमा को लेकर बहुत भावुक हैं और इस माध्यम के बारे में उनकी समझ बहुत गहरी है। वह अक्सर हमें निर्देशित करते हैं और हम कलाकारों को सबसे अद्भुत नोट्स और निर्देश देते हैं, जिससे फिल्म एक अलग ही स्तर पर पहुंच जाती है।वर्धन ने साझा किया कि वह कुछ हफ्तों में फिल्म के अगले शेड्यूल के साथ फिर से शुरू करेंगे। इस फिल्म में वर्धन के साथ अविका गोर हैं और वह इस ऑन-स्क्रीन जोड़ी को लेकर काफी उत्साहित हैं। अपने सह-कलाकार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे अविका के साथ काम करने में बहुत मजा आ रहा है। वह बेहद प्रोफेशनल और टेलेंटेड हैं। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं क्योंकि हम दोनों को अभिनय और लेखन का शौक है। चूंकि वह इतनी कम उम्र से स्क्रीन के लिए अभिनय कर रही हैं, इसलिए उनका अनुभव जबरदस्त है। उनसे सीखने के लिए हमेशा बहुत कुछ होता है।

बहुरंग

# कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। ट्रेलर में कंगना रनौत काफी प्रभावी नजर आ रही हैं। कंगना फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में हैं। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे हैं।

चंद्रमुखी 2 का ट्रेलर एक बड़े परिवार के हवेली में रहने से शुरू होता है, जहां उन्हें दक्षिण ब्लॉक से बचने का निर्देश दिया जाता है, जिसे चंद्रमुखी का घर माना जाता है। जब ये लोग इस कोने में पहुंचते हैं, तो क्या होता है। यही फिल्म की कहानी है। यह फिल्म 15 सितंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना ने चंद्रमुखी 2 को लेकर कहा है कि यह एक पैसा-वसूल एंटरटेनमेंट फिल्म है। फिल्म में थोड़ा एक्शन, कॉमेडी, हॉरर, रोमांस है और यह म्यूजिकल भी है। मैं पहली बार इस तरह का किरदार कर रही हूं और फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं।

दिलचस्प

# अक्षय ओबेरॉय फिल्म 'तू चाहिए' में करेंगे अभिनय



एक्टर अक्षय ओबेरॉय 'तू चाहिए' नामक रोमांटिक ड्रामा में एक्टिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह टीवी सेंसेशन अशनूर कौर के साथ नजर आएंगे। अक्षय, जो ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' में भी नजर आएंगे, ने कहा, मैं रोमांटिक लव स्टोरी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं। ऐसे समय में किसी लव स्टोरी को बनते देखना ताजगी भरा है, जब बहुत कम फिल्में बन रही हो। मैं वास्तव में मेरे लिए लिखे गए किरदार का आनंद ले रहा हूं। यह चुनौतीपूर्ण है और इसमें एक बहुत ही यूनिक करेक्टर आर्क के साथ विभिन्न प्रकार के शेड्स हैं।

वह आपका रोमांटिक हीरो नहीं है और यही बात इसे चुनौतीपूर्ण, फिर भी रोमांचक बनाती है।फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसमें सुरम्य शहर रायपुर कहानी की पृष्ठभूमि के रूप में काम करेगा। रायपुर की सुंदर जगह 'तू चाहिए' के दृश्य अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। 'फाइटर' की बात करें तो इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है।

# शाहरुख खान और सनी देओल ने एक-दूसरे को गले लगाया

'गदर 2' की सक्सेस पार्टी के दौरान मतभेदों को भुलाकर बॉलीवुड सितारे शाहरुख खान और सनी देओल ने एक-दूसरे को गले लगाया। दोनों को आर्यन खान के बारे में बात करते हुए भी देखा गया, जिसने कई लोगों का ध्यान खींचा। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है, जिसमें शाहरुख सनी के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं और यहां तक कि अपने बेटे आर्यन खान का भी जिक्र कर रहे हैं। वह उनसे कहते दिख रहे थे कि उन दोनों को 'गदर 2' बहुत पसंद है। कई वीडियो में शाहरुख को एक्ट्रेस अमीषा पटेल के साथ बातचीत करते हुए भी दिखाया गया है। एक्ट्रेस को आमिर खान से बात करते हुए भी देखा गया था।

निल शर्मा द्वारा निर्देशित 'गदर 2' के समारोह में बॉलीवुड के दिग्गजों को शामिल होते देखा गया। इसमें सलमान खान जैसे कई नाम शामिल हुए थे। बॉलीवुड के 'भाईजान' ने अपने स्वेग से फैन्स का दिल जीत लिया। उन्होंने लॉन्ग स्लीव्स वाली ब्लेक शर्ट और फ्लेयर्ड डेनिम पहनी हुई थी। एक्ट्रेस काजोल अपने पति अजय देवगन के साथ नजर आईं। पार्टी में शामिल होने वाले अन्य लोगों में कार्तिक आर्यन, अर्पिता और आयुष, भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान, मनीष मल्होत्रा, करण जोहान, जोया अख्तर, सुनील शेट्टी, अभिषेक बच्चन, अनुपम खेर, वरुण धवन, अनन्या पांडे, शाहिद कपूर, पिता-पुत्र की जोड़ी बोनी और अर्जुन कपूर, फरदीन खान, रकुल प्रीत सिंह और जेकी भगनानी, आदित्य रॉय कपूर, शिल्पा शेट्टी, राजकुमार राव और कृति सेनन सहित अन्य शामिल थे।



### एक नजर...

## भाजपा का कार्यालय उद्घघाटन आज



दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद भारतीय जनता पार्टी गोहद विधानसभा का कार्यालय का उदघाटन आज सुबह 10.30 बजे एचाया रोड के सामने नया बस स्टैंड पर होने जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर लोकसभा के सासंद विवेक नारायण शेजवलकर रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिण्ड दतिया लोकसभा की सांसद श्रीमती संध्या राय करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा भिण्ड जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, अवधेश सिंह कुशवाह, वीरेंद्र राणा, संजीव काकर, नाथूसिंह गुर्जर रह्वगे। भारतीय जनता पार्टी के गोहद विधानसभा प्रत्याशी लालसिंह आर्य ने गोहद विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं से इस कार्यालय उद्घघाटन में उपस्थित रहने की अनुरोध किया है।

## रोटरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

पुष्पाजंली टुडे



**मैसूरु.** जिले के बनूर कस्बा के रोटरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया द्य डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित रहे द्य उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक के बिना विद्यार्थी का चरित्र निर्माण अधूरा है द्य एक शिक्षक ही है जो अपने शिष्य को अपने से ऊपरी पायदान पर देखने चाहता है द्य शिक्षा के क्षेत्र में अति उत्तम सेवाएं देने पर तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर हनुमंतते गौड़ा, योगेंद्र, प्रशन,कृष्ण गौड़ा,नंजुड स्वामी, मुरली गोपाल,रामचंद्र, केंपेगौड़ा, माणिकचंद,वेंकटेश सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी शुद्धता से करने के निर्देश



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

सतना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें और इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जाँच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर, समग्र आईडी, नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी (अच्छा/बुरा) बीएलओ एप से दर्ज की जाये। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ऐसे युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

## वामैया प्राथमिक विद्यालय के इनोवेटिव क्लास न्यू एज लर्निंग के छात्रों द्वारा शिक्षक दिन मनाया गया



ब्यूरो रिपोर्ट पाटन पुष्पांजलि टुडे

**गुजारात।** वामैया विद्यालय के प्रधान शिक्षक श्री दिलीपभाई प्रजापति द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का टेस्ट लेकर टेस्ट में अंक प्राप्त करने वाले लगभग 40 विद्यार्थियों को लेकर एक इनोवेटिव क्लास का निर्माण किया है, जिसे न्यू एज लर्निंग क्लास कहा जाता है। इस कक्षा में कक्षा पाँच से आठ तक के लगभग 40 विद्यार्थियों को श्री दिलीपभाई प्रजापति द्वारा विविध अनुभव प्रदान किये जाते हैं, जिनमें से आज शिक्षक दिवस के अवसर पर भाग लेने वाले 20 विद्यार्थी उनकी इनोवेटिव कक्षा से थे तथा उसी कक्षा के विद्यार्थियों ने शीघ्र वक्तृत्व स्पर्धामें भाग लिया।

## पूर्व सैनिकों की रैली 24 सितम्बर को

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

सतना जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि 24 सितम्बर 2023 को प्रातः 9.30 बजे से एकेएस यूनिवर्सिटी, शेरगंज, सतना के सेन्ट्रल हाल में जिला स्तरीय पूर्व सैनिकों की रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली के दौरान राज्य एवं केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा ईसीएचएस, अभिलेख कार्यालय, सेना भर्ती कार्यालय, स्पर्श टीम, बैंक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इत्यादि के स्टाल लगवाकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु सलाह प्रदान की जायेगी।

# एमसीएमसी की अवलोकन टीम गठित

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान जिला स्तर पर गठित एमसीएमसी प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखेगी। एमसीएमसी के सहयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर चल रही खबरों के अवलोकन के लिए समिति गठित कर दी है। अवलोकन समिति में तीन शिफ्ट में 10-10 अधिकारी-कर्मचारी की डयूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवलोकन समिति के लिए जनपद पंचायत सोहावल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल बनाया है। यह समिति संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक एफ-24 में बैठकर आयोग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादन करेगी। एमसीएमसी की अवलोकन समिति में प्रथम पाली प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला पंचायत के कुलदीप सिंह, पर्यवेक्षक ललिता कुशवाहा, एनआरएलएम से पूर्णिमा मिश्रा, कल्पना वर्मा, पर्यवेक्षक साधना सिंह, मंजुला सिंह, सिवि शर्मा, नीलम कुशवाहा, शशि रैकवार, कम्प्यूटर आपरेटर सुमित्रा कुशवाहा और भृत्य रामप्रकाश सेन की डयूटी लगाई गई है। द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक विजय गौतम, ब्लाक समन्वयक रूचि शर्मा, खण्ड लेखक अरूणेन्द्र प्रताप सिंह, एनआरएलएम से श्वेता सिंह, शालिमा सिंह, पर्यवेक्षक खुशबू प्रजापति, करूणा पाण्डेय, अंकिता तिवारी, प्रियंका मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक रामसिया कोल तथा मोनू रैकवार भृत्य की डयूटी लगाई गई है।

अवलोकन टीम की तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 8 बजे तक सहायक प्रबंधक सत्येन्द्र मिश्रा, संजय मिश्रा, तकनीकी सहायक पुष्पेन्द्र पाल, ब्लाक समन्वयक विष्णु बागरी, धीरज मिश्रा, बालेन्द्र तिवारी, संतोष केशरवानी, विनय शर्मा, श्रीकांत शुक्ला, बृजेश खरे और भृत्य शिवदीन कुशवाहा की ड्यूटी लगाई गई है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने देवगांव में 8 करोड़ 31 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

## विधानसभा अध्यक्ष ने मूसलाधार बारिश में किया संबोधित

**देवतालाब विधानसभा रीवा जिले की आदर्श विधानसभा क्षेत्र**

रीवा (ब्यूरो शिवम तिवारी)। विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने आज देवगांव में 8 करोड़ 31 लाख 58 हजार रूपये की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने डेल्ही से तिवरियान तक (वाया सेमरी, कोलगढ़, मैथोरी) पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में उन्होंने 47.58 लाख रूपये से स्वीकृत देवगांव शासकीय आयुष आयुर्वेदिक औषधालय का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मूसलाधार बारिश के बीच कहा कि देवगांव के ग्रामीणों को 9.60 किलो मीटर लंबे पहुंच मार्ग की सौगात मिली है। सड़क निर्माण के दौरान इस मार्ग में 29 पुलियों का निर्माण किया जायेगा। डेल्ही से तिवरियान तक गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पूर्ण हो जाने पर इस सड़क से सेमरी, कोलगढ़ एवं मैथोरी ग्रामों में भी पहुंच मार्ग का निर्माण होगा। देवगांव के ग्रामीण चारों तरफ से सड़क मार्ग से जुड़ जायेंगे। उन्हें आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि जहां पूर्व में देवतालाब के शिव जी के दर्शन करने के लिए टूटी-फूटी, सड़कों, नालियों और कीचड़ से निकलते हुए जाना पड़ता था वहीं आज महादेव की कृपा से चमचमाती गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण हो गया है। यह विकास



का प्रतीक है आज की स्थिति में रीवा जिले और मऊगंज जिले की सबसे विकसित और आदर्श विधानसभा देवतालाब है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देवगांव के ग्रामीण काफी भाग्यशाली हैं कि भूमिपूजन के दौरान उनके ग्राम में इन्द्रदेव भी प्रसंन्न होकर बारिश की सौगात दे रहे हैं इससे जहां किसानों की सूखती धान फिर से हरी हो जायेगी वहीं किसानों को फसल रूपी नया जीवन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि देवतालाब विधानसभा का चहुमुखी विकास हो रहा है जहां यहां चारो तरफ गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रारंभ हो गये हैं। देवतालाब में सीएम राइज स्कूल प्रारंभ हो गया है। नईगड़ी में तहसील भवन, अस्पताल भवन एवं जनपद कार्यालय भवनों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज 45.58 लाख रूपये की लागत से आयुष आयुर्वेदिक औषधालय का निर्माण होगा। आयुर्वेदिक औषधालय बन जाने पर ग्रामीणों को प्रभावी चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान गजमाला एवं शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह और गदा देकर किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुमन साकेत, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, मन्नूलाल गुप्ता, रामनरेश निष्ठुर, मोहनलाल तिवारी, सुनील अग्निहोत्री, संतोष मिश्रा, सत्यदेव पटेल, मुकेश साकेत, नागेन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्रा, राजकुमार तिवारी, गोपाल वर्मा, राजाराम गुप्ता, जनसंपर्क सहायक पुष्पेन्द्र गौतम उपस्थित थे।

## पत्नी की फांसी के फंदे पर देख सहमा पति, सुबह कर ली आत्महत्या, तीन माह की बच्ची को छोड़ा

जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में पति-पत्नी ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, दंपति अपने पीछे एक तीन माह की दुधमुही बच्ची को छोड़कर दुनिया से चले गए। सिंगरौली विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में पति-पत्नी ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपति अपने पीछे एक तीन माह की दुधमुही बच्ची को छोड़कर दुनिया से चले गए। बरगवां पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि बड़ोखर निवासी साधना नामदेव पत्नी राहुल नामदेव (24) ने रविवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे घर के अंदर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। इस बात की जानकारी मृतका साधना के पति राहुल नामदेव पुत्र राजकुमार नामदेव (26) को लगी तो गम में डूबा रहा। रविवार सोमवार रात 3 बजे घर से 100 मीटर दूरी पर स्थित जामुन के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया।

**घरेलू कलह की आशंका**-सुबह होने के बाद इसकी जानकारी स्वजन ने बरगवां पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा तैयार करते हुए मार्ग कम कर मामले को जांच में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि एक तीन माह की मासूम को छोड़कर पति-पत्नी ने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार यह पूरा मामला आपसी घरेलू कलह का माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

## विधानसभा अध्यक्ष आज रघुराजगढ़ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदान करेंगे स्मार्ट फोन



**रीवा (ब्यूरो शिवम तिवारी)।** विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम आज प्रात~11.10 बजे रघुराजगढ़ पहुंचकर सीएफटी भवन में महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन प्रदान करेंगे और लाड़ली बहनों से सीधे संवाद करेंगे। वे दोपहर 2 बजे मनगवां विश्राम गृह से कुलबहेरिया के लिए रवाना होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 3 बजे कुलबहेरिया माध्यमिक विद्यालय में कुमारी फूफू से कुलबहेरिया तथा पथरहा सड़क का भूमिपूजन करेंगे। वे शाम 5 बजे देवतालाब महाविद्यालय परिषर में विधायक कप कबडडी प्रतियोगिता का समापन कर पुरस्कार वितरित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6 बजे नईगड़ी में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे। वे रात्रि 8 बजे रीवा के लिए प्रस्थित हो जायेगे।

## जन सुनवाई में 63 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

रीवा (ब्यूरो शिवम तिवारी)। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आमजनता से प्राप्त 63 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। सहायक कलेक्टर सोनाली देव तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने भी आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण किया। जन सुनवाई में राजेश यादव निवासी रिझौही ने बीपीएल सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही के निर्देश दिए। राघवेन्द्र दुबे निवासी कोट ने नक्शा सुधार के लिए उनके द्वारा जमा की गई प्रकरण की फाइल को तहसील कार्यालय द्वारा गुमा देने की शिकायत की गई। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार को फाइल



तलाशकर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। रामयश कुशवाहा निवासी लक्ष्मणपुर ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में अमृता गौतम निवासी बड़ागांव ने गरीबी रेखा में शामिल करने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार त्योंथर को पात्रतानुसार बीपीएल कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कौशल प्रसाद मिश्रा निवासी गुड़ ने पेंशन प्रकरण के निराकरण के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सात दिवस में पेंशन प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। सत्यप्रकाश विश्वकर्मा निवासी रीवा ने पीएचई विभाग में कम्प्यूटर टाइपिंग की मजदूरी भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को तीन दिवस में भुगतान कराने के निर्देश दिए। दादूलाल तिवारी निवासी ग्राम पैपखरा ने क्योटी नहर के लिए ली गई अतिरिक्त भूमि का मुआवजा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए।

## जैतवारा नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी एवं जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य की संयुक्त बड़ी पहल

### जैतवारा की बॉक्साइट गेरू की फर्मो में अचानक किया गया निरीक्षण

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना



जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी एवं थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य थाना स्टाफ के साथ गिरधारी लाल फर्मा एवं अन्य कई फॉर्म में मैं भी जांच की गई कुछ ही दिन पहले गिरधारी लाल फॉर्म में एक मजदूर की एक्सीडेंट से मौत हो गई थी उनके परिजनों ने आरोप लगाया था की फार्म के अंदर बिना सेफ्टी के काम कराया जाता है आज जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी एवं थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य ने किया फॉर्म का निरीक्षण जांच में जुटे निरीक्षण के दौरान जैतवारा तहसीलदार परमानंद तिवारी थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य उपनिरीक्षक विजय सिंह प्रधान आरक्षक दयाराम अभिलाष सिंह एवं राजस्व के कर्मचारी साथ रहे।

## जनसुनवाई में एसडीएम भिण्ड ने 65 से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 65 से अधिक आवेदन



आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एसडीएम भिण्ड ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

## वामैया प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को सरस्वती तालुक के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया

ब्यूरो रिपोर्ट पाटन पुष्पांजलि टुडे



**गुजरात।** जिला शिक्षा अधिकारी, पाटन ने तालुका और जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार वितरण समारोह - 2023, कन्वेंशन हॉल, हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय पाटन का आयोजन किया। इस समारोह के मुख्य अध्यक्ष के रूप में पाटन जिला कलेक्टर अरविंद विजयन, राधनपुर विधायक लविंगजी ठाकोर, पाटन जिला विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, आहार प्राचार्य सहित सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को उपस्थित महानुभावों द्वारा सम्मानित किया गया तथा सरकारश्री द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त करने वाले जिले के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सरस्वती तालुक के वामैया प्राथमिक विद्यालय के नवोन्मेषी शिक्षक श्री दिलीपसिंह गोहिल को शिक्षक दिवस के अवसर पर पाटन कलेक्टर श्री अरविंद विजयन द्वारा सरस्वती तालुक स्तर के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। पाटन जिले में जिला एवं तालुका स्तर के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार के लिए जिला चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से कुल 13 शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें 4 शिक्षकों को जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए चुना गया और तालुका स्तर पर 9 शिक्षकों को तालुका स्तर के लिए घोषित किया गया। पुरस्कार। जिन्हें शिक्षक दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया. वामैया प्राइमरी स्कूल के नवोन्वेषी शिक्षक दिलीपसिंह गोहिल को सरस्वती तालुक के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान देने पर वामैया प्राइमरी स्कूल प्रबंधन समिति, स्कूल प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया।

## शांतिनिकेतन प्राइमरी स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह

ब्युरो पाटन पुष्पांजलि टुडे



आज, 5 सितम्बर, हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शांतिनिकेतन प्राइमरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन पूरा विद्यालय विद्यार्थियों द्वारा संचालित होता था। आज के स्वशिक्षा दिवस में विद्यार्थियों ने शिक्षक की भूमिका निभाई। इस पूर्व नियोजित कार्यक्रम में छात्र-अध्यापकों ने गहनता से तैयारी की और उन्हें सौंपे गए विषयों के साथ न्याय करने का प्रयास किया। आखिरी घंटे में छात्र-शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सुनाए। साथ ही, प्रधानाचार्य श्री ने प्रतिभागियों को समाज में शिक्षकों की भूमिका के बारे में जानकारी दी और सुंदर योजना और प्रदर्शन की सराहना की।

## वर्षा की कमी की स्थिति में हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी,ब्यूरो चीफ सतना

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्षा की कमी की स्थिति में हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। संकट होगा तो भी हम प्रदेशवासियों को संकट से निकालकर ले जाएंगे। सूखे के कारण बिजली की माँग बड़ी है, इसकी पूर्ति के लिए भी हम प्रयास कर रहे हैं। नहरों में किसान के लिए पानी छोड़ दिया गया है, मैं सतत् रूप से स्थिति पर नजर रखे हूँ। ईश्वर न करे कि फसल खराब हो, लेकिन आवश्यकता हुई तो फसलों का सर्वे भी कराया जाएगा और मुआवजे के साथ-साथ फसल बीमा की राशि भी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। किसान भाई चिंतित न हों, शारदा माँ की पूरी कृपा हम सब पर रहेगी। मैहर की सभा में गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, सांसद श्री गणेश सिंह उपस्थित थे। निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा तथा श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व विधायक श्री ध्रुवनारायण सिंह और पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा उपस्थित थे।

## माँ शारदा की नगरी मैहर को जिला बनाया जाएगा:मुख्यमंत्री श्री चौहान

### आज से ही आरंभ होगी जिला बनाने की प्रक्रिया

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना

सतना मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माँ शारदा की नगरी मैहर को जिला बनाया जाएगा, आज से ही जिला बनाने प्रक्रिया आरंभ होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मैहर की सभा को निवास कार्यालय समत्व से वर्चुअली संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुझे मैहर आकर ही जिला बनाने की घोषणा करने थी, लेकिन केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मंडला और श्योपुर आगमन के कारण मेरा मैहर आना संभव नहीं हो सका। मैं माँ का आशीर्वाद लेकर ही आज यह घोषणा कर रहा हूँ।

किसान के सम्मान में राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन मैदान में

## राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

**खरगोन।** बारिश समय से नहीं होने पर किसान के चेहरे से रौनक उड़ गई, राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन 8 सितंबर, शुक्रवार राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट ज्ञापन देंगे, एक तरफ रक्षाबंधन का त्योहार जोरों शोरों से चल रहा है तो दूसरी ओर किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं, बारिश समय से नहीं होने से किसानों के फसले नष्ट हो रही है, संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ने बताया है कि अगर नहर का पानी छोड़ देते तो फसलों की सिंचाई हो जाती,अब कई किसान फसलों में मवेशियों को चरा रहे हैं तो कई किसान आत्महत्या कर रहे है, राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन के पदाधिकारी कलेक्टोरेट पहुकर ज्ञापन देंगे, राष्ट्रीय अध्यक्ष देवरावेंन भलावी ने बताया है कि मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी सामाजिक संगठन के द्वारा हर ब्लॉक स्तर जिला स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478